सुप्रभात
रांची, शनिवार
13.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 03

12 तेरे इश्क में नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी



SARALA BIRLA UNIVERSITY

University of Minnesota | Berkeley University of California
International Academic Collaboration

खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

ADMISSION OPEN 2024-25

NOW INTRODUCING

MASS COMMUNICATION

B.A. & M.A.
in Journalism & Mass Communication

GET THE LEGAL EDGE WITH

LAW
LLB | LLM | B.A. LLB (Hons.)
BBA LLB (Hons.)
B.Com. LLB (Hons.)

UNDER GRADUATE
B.Tech in CE | CSE | EEE | ECE | ME
B.Com (Hons.) in Accounts | E-Commerce | Taxation
B.A. (Hons.) in English | Economics | Sanskrit
BCA
B.Sc (Hons.) Mathematics
BBA
BBA in Stock Broking & Portfolio Management
Bachelors of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

POST GRADUATE
M.Tech
MBA
MCA
M.Com
M.A. in English | Economics | Sanskrit
M.Sc in Yogic Science
Masters of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

DIPLOMA
Diploma in CE | CSE | EEE | ECE | ME
Diploma in French
Certificate Course in French (6 months)

PHARMACY
B.Pharm | D.Pharm

YOGA & NATUROPATHY
PG/UG/Diploma/Certificate Program in yogic Science

Ph.D.
Ph.D. in Engineering | Commerce & Management Humanities
Law | Mass Communication

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI

Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103 9525 110 001

TOLL FREE No. : 1800 890 6077 admission@sburanchi.ac.in www.sbu.ac.in

# जस्टिस एम. एस. रामचंद्र राव होंगे झारखंड उच्च न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस.रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे। वह वर्तमान चीफ जस्टिस बी. आर. सारंगी के 19 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यभार संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजिम ने उनके झारखंड हाईकोर्ट में ट्रांसफर की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने 11 जुलाई को हुई बैठक में इस बाबत फैसला लिया है। जस्टिस एम. एस. रामचंद्र राव 30 मई 2023 से हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ चस्टिस हैं। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान चीफ जस्टिस बीएस सारंगी 3 जुलाई को नियुक्त हुए थे।


कार्यालय नगर परिषद रामगढ़

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् द्वारा निकाले गए निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/04/2024-25 जिसका PR No.- 325660 (District) 24-25 (D) के द्वारा प्रकाशित निविदा के मद का नाम नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन समझा जाए।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 329435 District(24-25).D


## पिछले साढ़े चार वर्षों में सरकार ने लिये कई ऐतिहासिक निर्णय

# झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**गरीब बच्चों को मिलेगा क्वालिटी एजुकेशन, सरकारी विद्यालयों को दे रहे नीजि स्कूलों का स्वरूप**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐसे निर्णय लिये हैं जो इस राज्य के लिए आज मील का पत्थर साबित हो रहा है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जो आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा का पूरा खर्च दे रही है। हमारी सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की है। 10वीं और 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को यह कार्ड दिया जायेगा। इसके जरिए वे 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन आसानी से ले सकेंगे। बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। इंजीनियरिंग मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग सरकार दे रही है। हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का तोहफा सरकारी कर्मियों को दिया है। वहीं, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर समाज के कमजोर और वंचित लोगों को मजबूत बनाने का कार्य क्या है। हमारा प्रयास है कि सभी की भागीदारी से एक सशक्त और मजबूत झारखंड बनाएं।




नियुक्ति पत्र पाकर सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए पीजीटी शिक्षक

**हर वर्ग के प्रति है संवेदना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों के प्रति हमारी सरकार की संवेदनाएं हैं। हम बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए योजनाएं लेकर आपके बीच आए हैं। हमारी सरकार सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**राज्य सरकार एचइसी की बदल देगी तस्वीर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि एचइसी की पहचान उद्योगों की जननी के रूप में है लेकिन, आज इसके हालात से हम सभी वाकिफ हैं। जब यह उद्योग लगा था तो 30 हजार से ज्यादा कर्मचारी यहां काम करते थे, लेकिन आज हालात विपरीत है। अगर राज्य सरकार को एचईसी हैंडओवर कर दिया जाए तो हम इसकी तस्वीर बदल देंगे। इसकी पुरानी रौनक वापस लाएंगे और यहां बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे।

# नौकरी देने का दिखावा कर रहे हैं सीएम : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि नियुक्ति पत्र समारोह सिर्फ मुख्यमंत्री के चेहरे को चमकाने के लिए आयोजित किया गया था। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सस्ती लोकप्रियता के लिए नौकरी बांटने का दिखावा करने का कार्यक्रम था। इसके जरिये युवाओं को ठगने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि पीजीटी परीक्षा पर भाजपा ने गंभीर आरोप लगाये थे। हजारों युवा सड़कों पर इसका विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच सरकार ने हड़बड़ी में नियुक्ति समारोह को आयोजित किया। पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण मिले थे। 70 से 80 प्रतिशत नियुक्तियां सिर्फ दो एग्जामिनेशन सेंटर के अभ्यर्थियों की हो गई। बोकारो के श्रेया इन्फोटेक केंद्र से 500 से ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुये। भाजपा इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई या किसी सक्षम एजेंसी से कराने की करती रह गई। लेकिन, हड़बड़ी में यह सरकार गड़बड़ी करती चली गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उसी एजेंसी से पीजीटी परीक्षा का एग्जाम कराया जिसका पुराना रिकार्ड भी विवादित है।

उन्होंने कहा कि पौने पांच वर्षों तक ये सरकार सिर्फ युवाओं को ठगती रही। आज तक न स्थानीय नीति बनी ना नियोजन नीति बनी। सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि पिछले 5 वर्षों में घोषित 25 लाख नियुक्तियों की जगह सिर्फ 11,344 हुई है। इसमें हजारों पंचायत सचिव शामिल हैं।


जिला स्तरीय कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर,गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

'इच्छा की अभिव्यक्ति'

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के निदेशानुसार रामगढ़ जिले के 15 विद्यालयों (CM SoE ULB, KGBV, JBAV एवं Block Level आदर्श विद्यालय) में अधिष्ठापित पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है। इस निमित दिनांक–22.07.2024 को Gandhi Memorial CM SoE Ramgarh में पूर्वाहन 10:00 बजे से पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। पुस्तक मेला हेतु महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची जिले के वेबसाइट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक अपनी सहमति पत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ को दिनांक–19.07.2024 तक समर्पित करते हुए पुस्तक मेला में संलग्न पुस्तकों की सूची एवं अन्य पुस्तकों के साथ भाग ले सकते हैं।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़

PR 329478 District(24-25).D


# मांडर और बहरागोड़ा में खुलेगा ग्राम न्यायालय

**रविवार को चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद करेंगे उद्घाटन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद रविवार को राज्य में दो अलग-अलग जगहों पर ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे। रांची के मांडर और जमशेदपुर के बहरागोड़ा में वे ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक, गुमला जिला के चक्रधरपुर में अनुमंडल न्यायालय का भी उद्घाटन किया जाना है।

**क्या है ग्राम न्यायालय :** झारखंड में पहला ग्राम न्यायालय कोडरमा जिला के झुमरीतिलैया में हुआ था। ग्राम न्यायालय में 25 हजार रुपये तक के दीवानी मामले और समन ट्रायल आपराधिक मामलों की सुनवाई होगी। ग्राम न्यायालय की शुरूआत होने के बाद मांडर प्रखंड की 19 पंचायतों के उक्त मामलों की सुनवाई होगी। फिलहाल दो प्रखंडों में शुरू हो रहे ग्राम न्यायालय के कान्सेप्ट को भविष्य में अन्य जिलों के प्रखंडों में भी लागू किया का सकता है। इसके लिए छह जगहों का चयन किया गया है। ग्राम न्यायालय के पीछे यह सोच है कि दूर दराज के ग्रामीणों को छोटे मामलों की सुनवाई के लिए सिविल कोर्ट न आना पड़े।

## संविधान हत्या दिवस का निर्णय स्वागत योग्य : सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 25 जून 1975 वह काला दिन है। जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा, लोकतंत्र की हत्या की। तानाशाही के उस दिन को मोदी सरकार ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनंदन। यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को आपातकाल की यातनाओं और उत्पीड़न के काले अध्याय के बारे में अवगत कराने वाला होगा। आपातकाल और तानाशाही के विरुद्ध उठी हर आवाज को नमन करता हूं। प्रताड़ना का वह दौर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास से कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

## खबर एक नजर में

### आलमगीर आलम पर दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** टेंडर कमीशन से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को संज्ञान लिया। ईडी ने बीते चार जुलाई को तीन हजार करोड़ रुपये के प्रॉसिड ऑफ क्राइम में तीसरी चार्जशीट दाखिल की है। इसमें आलमगीर आलम के साथ उनके आप्त सचिव रहे संजीव कुमार लाल एवं नौकर जहांगीर आलम का नाम शामिल है। इस पर अदालत ने संज्ञान लिया है। मामले में जेल में बंद तीनों आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 25 जुलाई निर्धारित की है।

### पूजा सिंघल की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने न्यायिक हिरासत की अवधि 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### संजीव लाल ने जमानत अर्जी वापस ली

**रांची।** टेंडर कमीशन के 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल की ओर से दाखिल जमानत अर्जी वापस ले ली गई है। पीएमएलए कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अर्जी वापस लेने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। संजीव लाल ने गिरफ्तारी के 47 दिनों बाद 21 जून को चार्जशीट दाखिल होने से पहले ही जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी।

### अंतु तिर्की की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जेल में बंद जेएमएम नेता अंतु तिर्की की जमानत याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 26 जुलाई को सुनायेगी। अंतू तिर्की ने गिरफ्तारी के 76 दिनों बाद दो जुलाई को जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। ईडी ने जमीन घोटाले को लेकर बीते 16 अप्रैल को की गई छापेमारी के बाद अंतु तिर्की को गिरफ्तार किया था।

### सांसद इमरान प्रतापगढ़ी अब 19 को आयेंगे रांची

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में शुक्रवार को हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के 19 एवं 20 जुलाई को झारखंड दौरे की तैयारी के संबंध में विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में इमरान प्रतापगढ़ी का रांची दौरा का कार्यक्रम 13 और 14 जुलाई को तय था, परंतु सासंद इमरान प्रतापगढ़ी ने अपनी व्यस्तता के कारण तिथि में बदलाव करते हुए 19 एवं 20 जुलाई को झारखंड दौरा का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इमरान प्रतापगढ़ी एयरपोर्ट से वे सीधे पिठौरिया थाना अंतर्गत काटमकुल्ली गांव जाएंगे और वहां मॉब लिंचिंग में हत्या कर दिए गए अख्तर अंसारी के परिवार से मुलाकात करेंगे। वहीं 20 जुलाई को सांसद इमरान प्रतापगढ़ी कोडरमा के रघुनियाडीह जाएंगे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

निविदा आमंत्रण सूचना सं० :– 07/2023-24/RE-1 (अतिअल्पकालिक निविदा)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.07.2024 को कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 24.07.2024 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 24.07.2024 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | हण्टरगंज | पंचायत–उरैली, ग्राम–उरैली में बलराम मिस्त्री के घर से सरयु यादव के घर होते हुए निलाजन नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 959000.00 | 19200.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 329399 Rural Development (24-25)_D


# नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री हिपोक्रेसी से भरा हेडलाइन बनाने की तैयारी में : सतीश पॉल मुंजनी

**संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा पर दी प्रतिक्रिया**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री एक बार फिर हिपोक्रेसी से भरा एक हेडलाइन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। शुक्रवार को भाजपा की सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा है कि यह वही नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत का संविधान और उसके सिद्धांतों, मूल्यों एवं संस्थानों पर सुनियोजित ढंग से हमला किया। इनके सांसदों ने कई बार आमसभा में संविधान बदलने की बात की। अबकी बार 400 पार सीटों का नारा दिया और इनके सांसदों ने कहा कि 400 पार सीटें आएगी तो हम लोग संविधान बदल देंगे, लेकिन वही नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री एक बार भी इस बात का खंडन नहीं किया।

श्री मुंजनी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन ने संविधान बचाओ का नारा दिया, जिसके कारण 04 जून 2024 को भारत के लोगों ने 400 पार का रथ रोक दिया। जिसे इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा है कि नैतिक हार से पहले उन्होंने दस सालों तक अघोषित आपातकाल लगा रखा था। यह वही नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री है, जिनके वैचारिक परिवार ने नवंबर 1949 में भारत के संविधान को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि यह मनुस्मृति से प्रेरित नहीं था। उन्होंने कहा है कि आज जनता की मूल समस्याओं जैसे महंगाई, रोजगार, किसानों का एमएसपी, महिलाओं की सशक्तिकरण जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की घोषणा करते रहते हैं। आज नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री को जनता, लोकतंत्र से कोई लेना देना नहीं है।


Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219) DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

TENDER EXTENSION NOTICE

Due to unavoidable circumstances, following NITs are hereby extended as per dates mentioned below:

| Sl. No. | Description of work | NIT No. |
|---|---|---|
| 1. | Adjusting of guide bearing clearance of TGB, LGB & UGB at PH-II , SRHP, Sikidiri. | 03/PR/JUUNL/2024-25 |
| 2. | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-I. | 04/PR/JUUNL/2024-25 |
| 3. | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-II. | 05/PR/JUUNL/2024-25 |

| | |
|---|---|
| Last date and time for purchase of tender paper | 23.07.2024 up to 16:00 hrs |
| Last date and time for submission of tender paper | 24.07.2024 up to 15:00 hrs |
| Date and time for opening of tender | 24.07.2024 at 16:00 hours |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 328431

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 329423 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 24-25 (D)



JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING
OFFICE: General Manager (SLDC)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 (Jharkhand)
(E-mail: uldc.jusnl@gmail.com) Website: www.jusnl.in

SHORT TENDER NOTICE

NIT No. 86 /PR/JUSNL/2024-25

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited invite Bids (to be submitted in the e-Procurement Portal) for the following works:

| Name of work | Date of publishing e-NIT | Last date of submission/ uploading bid by the bidder | Date of Opening of technical part of Bid |
|---|---|---|---|
| 03 Years Comprehensive AMC of 15 Nos. of RTU (supplied by M/s Chemtrols) installed at 15 GSS of JUSNL along with additional bay integration, RTU reconnection with Supply & Erection of LDMS and RTU/SAS Configuration. | 13.07.2024 | 29.07.2024 upto 16:00 Hrs | 30.07.2024 at 16:30 Hrs |

Detailed Invitation of Bids which includes instruction for submission of Bids and all other relevant information is available on http://www.jharkhandtenders.gov.in, Bidding Documents are also available online. Any details required in this regard can also be has from the office of the undersigned (+91-7070816390) during office hours.
The firms that technically qualify will be informed for date of opening for financial part of Bid.
Bidders are advised to note the minimum qualification criteria specified in bidding document. Interested bidders may participate in the bidding process as per instruction given in the bidding document.
OFFICER INVITING BIDS:

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (SLDC)
JUSNL, Ranchi

PR 329398 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


# सोलर पॉवर के जरिए हर खेत तक सिंचाई का जल पहुंचायेगी सरकार : चंपई सोरेन

**जल संसाधन मंत्री चंपई सोरेन ने विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के किसानों को बहुत बड़ी राहत देने की दिशा में राज्य सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। चूंकि विभिन्न लिफ्ट इरिगेशन की योजनाएं बिजली पर निर्भर रहती हैं, जिनका बिल किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन जाती है। इस परिस्थिति में बदलाव लाने को जल संसाधन विभाग ने सोलर प्रणाली का इस्तेमाल शुरू किया है। सोलर तकनीक द्वारा लिफ्ट सिंचाई का पायलट प्रोजेक्ट हजारीबाग में तैयार है। इसका उद्घाटन इसी महीने किया जाएगा। इसके बाद, पूरे राज्य में इस तकनीक द्वारा किसानों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। यह बातें जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जल संसाधन मंत्री चंपई सोरेन ने कही। उन्होंने प्रदेश के किसानों को सालों भर संचाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में पाइप लाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था लागू करने की जरूरत पर जोर दिया।

मालूम हो कि पाइप लाइन/मेगा लिफ्ट परियोजना द्वारा ऊंचे स्थानों पर भी सिंचाई की सुविधा दी जाती है, तथा योजना को तीन वर्षों में पूरा किया जा सकता है। इन परियोजनाओं में पाइपलाइन द्वारा आसपास के सभी तालाबों को भरने की सुविधा रहेगी, ताकि स्थानीय किसान उन जल स्त्रोतों का उपयोग कर सकें।

बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के विस्थापितों के पुनर्वास से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा हर विस्थापित परिवार को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग के पास काफी खाली जमीन उपलब्ध है, जिस पर सोलर पैनल लगा कर बिजली उत्पादन की दिशा में आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। झारखंड में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं द्वारा 5 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले खेतों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। सिर्फ कोल्हान प्रमंडल में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना द्वारा 50,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के किसानों को खेतों में जल मिल रहा है। इन सिंचाई परियोजनाओं ने राज्य के लाखों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि बेहतर जल प्रबंधन द्वारा हम काफी जल संचय कर सकते हैं, जिसका फायदा किसानों को मिलेगा। मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि किसानों के लिए सिंचाई परियोजनाओं की महत्ता को देखते हुए विभाग के स्थापना बजट एवं योजना बजट को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि नई परियोजनाएं शुरू की जा सकें। इसके अलावा विभाग में इंजीनियरों तथा अन्य रिक्त पदों को शीघ्र भरने की जरूरत है, ताकि परियोजनाओं का संचालन सुचारू रूप से हो।

झारखंड में अभी मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना (दुमका), सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना (देवघर), सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना (गढ़वा) तथा खड़कई लिफ्ट सिंचाई योजना (सरायकेला-खरसावां) में काम चल रहा है, जबकि पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना (पलामू), पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना (गिरिडीह) और भीमखंडा माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना (सरायकेला-खरसावां) प्रक्रियाधीन है।


कार्यालय:- जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा
समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खूँटी टोली, सिमडेगा।
Email ID-simdegamdm@gmail.com Fax&Phone:06525-22644

आवश्यक सूचना

सिमडेगा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली–1993, विभागीय संकल्प संख्या–3027 दिनांक 14.12.2015, संकल्प संख्या–1145 दिनांक 18.07.2019, 619 दिनांक 26.08.2019, निदेशालीय पत्रांक 770/विधि दिनांक 05.10.2023, पत्रांक 714 /विधि दिनांक 29.08.2023 एवं पत्रांक 866 दिनांक 14.11.2023 के प्रावधानों के आलोक में औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची एवं वरीयता सूची संख्या–2 (ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु) का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित की गई है। सूची निर्माण के क्रम में लिपिकीय एवं टंकन भूल के कारण निम्न गलतियां संभव है :–

1. शिक्षक के नाम के सामने अंकित विभिन्न कॉलमों में अंकित आंकड़ों में गलती है।
2. शिक्षक के नाम के सामने अंकित कॉलम का रिक्त रहना।
3. औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची तथा उसके आधार पर तैयार की गई वरीयता सूची न0–01 में किसी शिक्षक का नाम नही रहना।
4. वरीयता का निर्धारण में गलतियां, आदि।

उपरोक्त तथ्यों को दृस्टिपथ रखते हुए इस सूसना के माध्यम से संबंधित सभी शिक्षकों से अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त गलतियों में से यदि कोई गलती रह गई हो तो उस संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशित करने के एक पक्ष के अन्दर (दिनांक 27.07.2024) साक्ष्य के साथ विहित प्रपत्र में नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से आपत्ति सीधे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची तथा उसके आधार पर तैयार अन्य वरीयता सूचियों में यदि किसी शिक्षक का (कार्यरत, सेवानिवृत एंव मृत सहित) का नाम अंकित नही है तो वे आवेदन कार्यालय को साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची मे क्र0 सं0 | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर

नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा।

PR.NO.329372 Primary Education (24-25):D

सुप्रभात
रांची, शनिवार
13.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 03



12 तेरे इश्क में नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी

## न्यूज डायरी

### सीएम दिल्ली रवाना

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार शाम दिल्ली रवाना हुए। सूत्रों के अनुसार वे वहां इंडी गठबंधन के नेताओं से मुलाकात करेंगे। उनके दिल्ली रवाना होने को आनेवाले विधानसभा चुनाव की रणनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### वज्रपात से दो की मौत

**पलामू।** जिले में बारिश के दौरान वज्रपात होने से महिला समेत दो की मौत हो गयी। पहली घटना छतरपुर में जबकि दूसरी घटना लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में हुई। छतरपुर में युवक की मौत हुई, जबकि लेस्लीगंज में महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मुखिया ने पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 97000 रु./प्रति किलो |




मुख्यमंत्री ने 1500 नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# शिक्षा से झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेंगे : हेमंत

- अबतक 60 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी, सिलसिला रहेगा जारी
- सीएम ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा करने का दोहराया संकल्प
- स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की तरह अब टीचर्स भी दे रहे एक्सीलेंट

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प दोहराया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को 1500 नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (पीजीटी) को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नियुक्ति पत्र पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि आप पर बच्चों के भविष्य निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। आप निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि अब तक हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उनकी सरकार ने निजी संस्थानों और विभिन्न कंपनियों में 60 हजार नौकरियां उपलब्ध करायी। वहीं जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है।



**शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बदलाव लाना है तो हर व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। इसलिए 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं। यहां निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था है। ऐसे और भी स्कूल विकसित किये जायेंगे।

**आने वाली पीढ़ी के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी देंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकारी विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं, उसी तरह यहां की आने वाली पीढ़ी को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं।

**स्थानीय और जनजातीय भाषा की जानकारी रखें, करें संवाद :** श्री सोरेन ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि झारखंड में जनजातीय और स्थानीय भाषाओं की काफी अहमियत है ऐसे में आपको स्थानीय भाषाओं की जानकारी बेहद जरूरी है। बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ स्थानीय भाषाओं में भी संवाद करें, जिससे आत्मीय लगाव की भावना बढ़ेगी।

**हुनरमंद युवा देश-विदेश में मनवा रहे लोहा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास पर सरकार का विशेष जोर है। यहां विभिन्न माध्यम से युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। हुनरमंद युवा देश के साथ विदेशों में भी अपने कार्यों से हर किसी का दिल जीत रहे हैं।

### नौकरी के आंकड़े कम करती जा रही हेमंत सरकार : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार नौकरियां कम करती जा रही है और राज्य के युवकों को धोखा दे रही है। युवा रोजगार न मिलने से, नौकरियों में धांधली से और पर्याप्त वैकेंसी न आने से बहुत परेशान हैं। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि झारखंड के लोगों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि, राज्य की मौजूदा सरकार लोगों के हित में निर्णय नहीं ले रही है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने लिखा है कि एक नेता कुर्सी पर बैठकर कहता है कि 40 हजार नौकरियां दूंगा। उसी कुर्सी पर बैठने वाले दूसरा नेता कहता है कि 30 हजार नौकरियां दूंगा। बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा है कि अब अगले महीने यह बयान आयेगा कि 20 हजार युवकों को नौकरी देंगे। फिर सितंबर आ जायेगा और तब कहेंगे कि 10 हजार को नौकरी देंगे जबकि इस सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था। सरकार अपने वायदे को पूरा करने में विफल रही है।

### जेएसएससी झारखंड पारा मेडिकल कंबाइंड परीक्षा का रास्ता साफ

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पारा मेडिकल कंबाइंड परीक्षा के अभ्यर्थी विजेंद्र उरांव की दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग में होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में मामले की सुनवाई के बाद झारखंड पारा मेडिकल कंबाइंड परीक्षा का रास्ता साफ हो गया है। विजेंद्र उरांव ने नियुक्ति प्रक्रिया को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि जो अभ्यर्थी पहले से कॉन्ट्रैक्ट पर रहे हैं, उन्हें एक्स्ट्रा मार्क्स मिलेगा लेकिन जो कार्यरत नहीं हैं, उन्हें एक्स्ट्रा मार्क्स नहीं मिलेगा। जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली पारा मेडिकल कंबाइंड परीक्षा में करीब 1000 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति होनी है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

## अब हर वर्ष 25 जून को मनाया जायेगा संविधान हत्या दिवस

25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने लागू किया था आपातकाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के संघर्ष तथा योगदान को याद करने के लिए हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि तत्कालीन सरकार ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू कर सत्ता का घोर दुरूपयोग किया और लोगों पर अत्याचार किया। अब सरकार ने आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले लोगों के योगदान को याद करने के लिए तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर अधिसूचना को साझा करते हुए सरकार के निर्णय की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंटा था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दी गयी। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

## बेरोजगारी, महंगाई और असमानता पर भी गौर करें पीएम मोदी : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगामी बजट के लिए बैठकें करते समय बेरोजगारी, महंगाई और असमानता जैसे मुद्दों पर भी गौर करना चाहिए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार ने अपनी नीतियों से करोड़ों लोगों का जीवन उजाड़ा है। खड़गे ने एक्स पर लिखा है- नरेंद्र मोदी जी, देश की जनता को बेरोजगारी, महंगाई और असमानता के गर्त में धकेल कर आपकी सरकार ने करोड़ों लोगों का



जीवन उजाड़ा है। उन्होंने दावा किया, 9.2 प्रतिशत बेरोजगारी दर की वजह से युवाओं का भविष्य शून्य की जा रहा है। वहीं 20-24 वर्ष की आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई है, जो युवाओं के बीच नौकरी के बाजार में गंभीर संकट को उजागर करती है।

खड़गे ने आरोप लगाया कि जिन 7 सार्वजनिक उपक्रमों में ज्यादातर सरकारी हिस्सेदारी बेची गयी है, उससे 3.84 लाख सरकारी नौकरियां छिनी गयी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, हाल ही में 14 खरीफ फसलों की एमएसपी पर मोदी सरकार ने फिर ये साबित कर दिया कि उसे स्वामीनाथन रिपोर्ट की एमएसपी की सिफारिश को केवल चुनावी झुनझुने की तरह इस्तेमाल करना है। श्री खड़गे ने कहा कि महंगाई चरम पर है। नतीजा ये है कि परिवारों की घरेलू बचत 50 वर्षों में सबसे कम स्तर पर है। आर्थिक असमानता 100 वर्षों में सबसे ज्यादा है। खरगे ने यह भी कहा कि देश की अर्थव्यवस्था से मनमाना खिलवाड़ अब बंद होना चाहिए।

RANCHI'S ICONIC RESTAURANT
COMPLETE FAMILY RESTAURANT...
Great Food, Great Price



A Blend of finest ingredients traditions, trust and taste...



Great Dining
Take aways
Great Prices
Fast food concept Wholesome Food exciting Menu...n Lots More!
खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
kaveri RESTAURANT
GEL Church Complex, Ranchi
Tel.: 0651-2330330, 2330300, 2330017
Circular Road, Ranchi, Tel. : 2560612, 2560613
Ground Floor, Shop No.6, Astor Green,
Chandni Chowk, Kanke Road, Ranchi- 834008

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND
SAI NATH UNIVERSITY
Established in 2012
Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956



APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | NCTE App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2024-25

पॉलिटेक्निक
Diploma Engineering : Approved by AICTE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | Diploma in Engg. | 3 Yrs. | 10th |
| 2. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs. | 10+2 with Math / ITI |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG. • MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

EDUCATION PROGRAMME (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 2. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 3. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 4. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 3. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

PHYSICAL EDUCATION (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy* | 4 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 6. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 2. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

CONDUCTED IN COLLABORATION WITH SHUBHAM UNIVERSITY, BHOPAL
Courses : PGDCA,B.Lib
gurugracia.com
*CONDUCTED IN COLLABORATION WITH SHUBHAM UNIVERSITY, BHOPAL
Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel
Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)
7970408015, 6204313818, 7461073942, 7903145542, 9050565535
E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

स्पीड न्यूज

## गोविंदपुर के सीओ शशिभूषण की याचिका खारिज

**धनबाद ।** झारखंड हाई कोर्ट ने गोविंदपुर अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह की रिट याचिका खारिज कर दी है। शशिभूषण सिंह ने विगत 5 फरवरी को गोविंदपुर अंचल अधिकारी के पद पर योगदान दिया था और 12 मार्च को ईडी ने उनके यहां छापेमारी की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने 15 मार्च शशिभूषण सिंह को मुख्यालय में योगदान करने का निर्देश देते हुए सिमरिया के अंचल अधिकारी धर्मेंद्र दुबे को गोविंदपुर अंचल अधिकारी पद पर पदस्थापित किया था। श्री दुबे ने 16 मार्च को गोविंदपुर में योगदान दे दिया था, परंतु उसी दिन आचार संहिता लग जाने के कारण उनका योगदान प्रभावित नहीं हो पाया था। इस बीच अपने स्थानांतरण आदेश के विरुद्ध अंचल अधिकारी शशिभूषण सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी । हाईकोर्ट ने अंतरिम सुनवाई करते हुए स्थानांतरण आदेश पर तत्काल रोक लगा दी थी। विगत 20 जून 2024 को हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई और फैसला सुरक्षित रखा गया था। हाई कोर्ट ने इस मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया । राज्य सरकार के स्थानांतरण आदेश को चुनौती नहीं दी जा सकती और शशिभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी गई। इस आदेश के तहत अब धर्मेंद्र दुबे का गोविंदपुर अंचल अधिकारी पद पर योगदान देना सुनिश्चित हो गया है और शशिभूषण सिंह मुख्यालय में योगदान देंगे।

## सांसद ने छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया

**कतरास।** मिशन बच्चियों की उड़ान के तहत शुक्रवार को पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के सौजन्य से पाठशाला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बीच धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो ने अपने आवासीय कार्यालय चिटाही में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया।

## मंदिर निर्माण में सहयोग का आश्वासन

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के पिपराटाँड़ बस्ती में सार्वजनिक काली मंदिर नवनिर्माण के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ। मौके पर धनबाद के सांसद ढुलू महतो के अग्रज सह सांसद प्रतिनिधि शरद महतो मुख्य तौर पर उपस्थित थे. उन्होंने ग्रामीणों को मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, संतोष महतो आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## सैकड़ो ग्रामीण ने सीओ को ज्ञापन सौंपा

**पूर्वी टुंडी।** टुंडी विधानसभा के नेता बिदेश दा के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण सीओ देवराज गुप्ता से मिलकर गोविंदपुर साहेबगंज सड़क चौड़ीकरण कार्य में फतेहपुर से पोखरिया तक अधिग्रहित भूमि का बाजार मूल्य पर भुगतान करने तथा उन्य बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सड़क चौड़ीकरण कार्य से 10 से 15 हजार घर के परिवार बेघर हो जाएगे।जिसमें रैयतती मे घोर आपत्ति है। वही मुख्य मार्ग के किनारे दुकान लगाकर जीवन यापन करने वाले दुकानदारों को सिफरिंग चार्ज देकर भूमि अधिग्रहण किया जाए। सीओ देवराज गुप्ता ने बताया कि बहुत जल्द रोड बनाने वाली कंपनी और एनएच के लोगो के साथ बैठक की जाएगी।

## गौशाला पुलिस ने पकड़ा बालू लदा ट्रैक्टर

**सिंदरी ।** गौशाला ओपी पुलिस ने शुक्रवार को डीवीसी कालोनी मोड़ के समीप झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग से सुपर फास्फेट की ओर जा रहे अवैध बालू लदे बिना नंबर के ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है।इसकी सूचना ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने झरिया अंचलाधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी को भी दे दी है। प्रभारी ने बताया कि झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद की लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया जा रहा है।

# पीएचईडी के अभियंता को लगी फटकार

## गिरिडीह पहुंची प्रश्नकाल और ध्यानार्कषण समिति

खबर मन्त्र सवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा की विशेष प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण समिति ने गिरिडीह में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समिति के सभापति और टुंडी विधायक मथुरा महतो के साथ सदर विधायक सह सदस्य सुदिव्य कुमार सोनू ने करीब एक घंटे तक पदाधिकारियों से जिले की विकास उयोजनाओं का हाल जाना। बैठक में मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने नगर निगम के रवैये पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कई इलाकों में पाईप बिछने के बाद भी सही तरीके से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं कई इलाकों पेयजलापूर्ति हो रही है तो महज आधे घंटे तक ही होती है। ऐसे में लोगों के द्वारा शिकायत किया जाना लाजिमी है।

इस दौरान निगम के उपनगर आयुक्त विशालदीप खलको ने जानकारी देते हुए बताया कि पेयजलापूर्ति के वक्त पॉवरकट नहीं होने के कारण लोग मोटर से पानी चढ़ाते है। इसके कारण भी एक बड़ी आबादी पेयजलापूर्ति से वंचित रह जाती है। हालांकि उपनगर आयुक्त ने जल्द ही परेशानियों को दूर करने का भरोसा दिलाया। वहीं बैठक में नल-जल योजना को लेकर खास चर्चा की गई। समिति के सभापति मथुरा महतो ने पीएचईडी वन के कार्यपालक अभियंता कुमार नीरज ओर टू के कार्यपालक अभियंता मुकेश मंडल को फटकार लगाते हुए कहा कि सबसे अधिक खराब हालत नल-जल योजना की है। पूरे जिले में कई स्थानों पर फिल्टर प्लांट बनकर तैयार है, लेकिन गलत स्थानों को चिन्हित कर लिया गया। इससे कई स्थानों पर पानी निकला ही नहीं। बैठक में डीडीसी दीपक दुबे समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए थे।

## कुलपति को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**धनबाद।** एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने विनोबा भावे विवि के नये कुलपति राम कुमार सिंह का स्वागत किया है साथ ही विश्वविद्यालय से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया तथा 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उनकी मांगों में विश्वविद्यालय के मुख्य मार्ग में सड़क का निर्माण कराने, विश्वविद्यालय में लंबित ग्रेट 4 स्टाफ की समस्याओं को दूर करने, कैंपस में और एकेडमिक ब्लॉक में सीसीटीवी और वाईफाई लगवाने, विश्वविद्यालय परिसर में लाइब्रेरी,साइंस लैब, कंप्यूटर लैब स्थापित करने, विश्वविद्यालय परिसर में विनोद बिहारी महतो का आदमकद प्रतिमा का जल्द उद्घाटन कराने आदि की मांग की। कुलपति ने जल्द समाधान करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुमार, जिला महासचिव रोहित पाठक और नितेश शर्मा, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार आदि शामिल थे।

## जागृत मंदिर में देव प्रतिमाओं का हुआ घृताधिवास

खबर मन्त्र सवाददाता





**धनबाद ।** जागृत मंदिर चीरागोड़ा मे चल रहे नौं दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ के छठे दिन यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री ,रतन पांडे ,सौरभ दुबे ,ऋषभ कुमार ,सुमन पांडे ,श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे, द्वारा सस्वर रूद्री पाठ किया गया, ब्राह्मणों द्वारा मंदिर में स्थापित किए जाने वाले देव प्रतिमा भगवती जगदंबा, शंकर भगवान, राधा रानी, कृष्ण भगवान, राम दरबार, बजरंगबली के प्रतिमाओं का वैदिक रीति रिवाज से घृताधिवास कराया गया । यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि देव प्रतिमाओं को गाय की घी पर रखा गया तथा भगवती जगदंबा तथा अन्य देवताओं से यह प्रार्थना की गई की जिस भाव से हमने आपको घी अर्पित किया है उसी तरह से आप हम सब पर प्रसन्न हो और और देश वासियों का कल्याण करें उन्होंने बताया कि प्रातः छह बजे से मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप में रूद्र व चण्डी पाठ शुरू हुआ वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया वहीं दूसरी ओर यज्ञ मंडप में वेदी पूजन ,मंडप पूजन, कुंड पूजन हुआ । दोपहर 2:00 बजे से विद्वानों के सानिध्य में हवन शुरू हुआ जो संध्या 6:00 बजे तक चला। इसके बाद महादेव एवं भगवती की आरती की गई ।सुबह से ही यज्ञ मंडप के परिक्रमा के लिए महिला, पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ मंडप में उमड़ पड़ी । यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया विद्वानों के द्वारा रुद्र व चंडी पाठ होगा समस्त आवाहित देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन होगा । बजरंग बली , शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में 15 को दोपहर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

## मुहर्रम को लेकर शन्ति समिति की बैठक

**जामताड़ा ।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक नारायणपुर थाना परिसर में शुक्रवार को हुई। बैठक में मुख्य रुप से बीडीओ सह सीओ मुरली यादव ,पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार महतो एवं थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता ने पर्व को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आगे प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम को लेकर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जानकारी ली।इंस्पेक्टर ने बताया कि इस वर्ष दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक लाइसेंस दिया जा रहा है। जुलूस एक जगह पर 5 मिनट से ज्यादा देर नही रुकेगी।बीडीओ ने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थान पर भड़काओ नारा नही लगाना है।थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नही देना है। समस्या हो तो वह तुरंत थाना को सूचित करें पुलिस हर अखाड़ा में उपस्थित रहेगी।मौके पर बिससूत्री प्रखंड अध्यक्ष बीरबल अंसारी, सबइंस्पेक्टर साकेत कुमार,एएसआई संतोष गोस्वामी, रियाज अहमद,संजय मंडल,जावेद अंसारी उपस्थित थे।

# एन पी एस वापस कर ओ पी एस लागू करे- पी के सिन्हा

खबर मन्त्र सवाददाता




**गोमो।** रेलवे यूनियन ए आई आर एफ केन्द्रीय कमिटी के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की गोमो शाखा द्वारा शुक्रवार को एन पी एस वापस कर ओ पी एस लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया । यूनियन से जुड़े सदस्यों ने झंडा बैनर के साथ शाखा कार्यालय से नारेबाजी करते हुए इलाके में भ्रमण किया । नारेबाजी कर ओ पी एस लागू करने की मांग की अन्यथा हड़ताल में जाने की चेतावनी दी । ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गोमो के शाखा सचिव पीके सिन्हा अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहां कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण रेलवे के कर्मचारी शोषण के शिकार हो रहे हैं । सरकार तानाशाह के रूप में काम कर रही है । जो देश के हित में नहीं है उन्होंने कहा कि एनपीएस को वापस करने की मांग को लेकर पूर्व से आंदोलन किया जा रहा है। इसके बावजूद भी सरकार पहल नही कर रही है । इन्होने कहा कि इसके पहले भी देश में दो बार ए आई आर एफ के बेनर तले हड़ताल किया जा चुका है । ओ पी एस को लागू नही किया तो हड़ताल करने पर रेल कर्मचारी मजबूर हो जायेगे । विरोध प्रदर्शन में शामिल यूनियन के सदस्ययो में अध्यक्ष रूपेश कुमार शाखा सचिव पीके सिन्हा डीसी यादव ए के भगत एस एन झा,डी घोष,सतीश कुमार,आर कच्छप, अश्वनी कुमार संतोष कुमार बीके झा सुधीर कुमार, कमलेश कुमार थे ।

## ओबी डंप पानी के रिसाव से बैजना भूमिगत खदान को खतरा

खबर मन्त्र सवाददाता

**मैथन।** ईसीएल के चापापुर ओसीपी के गिराए गए ओबी डंप का बारिश की पानी से रिसाव बैजना कोलियरी के 29 नंबर भूमिगत खदान में हो रहा है। यदि वर्षा के पानी का रिसाव नहीं रोका गया, तो बैजना कोलियरी के 29 एवं 31 नंबर भूमिगत खदान को खतरा उत्पन्न होने से कोई नहीं बचा सकता। इसे लेकर पूर्व में बैजना कोलियरी के मजदूरों ने बीसीकेयू के बैनर तले विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा इस पर सार्थक पहल नहीं किया गया।

जानकारी देते हुए बैजना कोलियरी के मजदूरों ने बताया कि चापापुर के नए ओसीपी का ओबी डंप बैजना भूमिगत खदान के बगल में बनाया गया है। गुरुवार की रात एवं शुक्रवार की सुबह हुई वर्षा का पानी ओबी डंप से मिट्टी पत्थर स्लाइड होकर नीचे आ रहा है। वर्षा का पानी बैजना कोलियरी के 29 नंबर भूमिगत खदान में पहले से प्रवेश कर रहा है। उसके बाद वह 31 नंबर भूमिगत खदान में भी आ रहा है। पानी जमाव के कारण पूर्व से ही 29 नंबर खदान बंद है। बरसात का पानी ओबी डंप से 29 नंबर भूमिगत खदान होते हुए 31 नंबर खदान में आ रहा है। यदि वर्षा के पानी को रोकने का उचित उपाय नहीं किया गया, तो 31 नंबर भूमिगत खदान भी बंद हो जाएगा। मजदूरों द्वारा बार-बार प्रबंधन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया जा रहा है। परंतु प्रबंधन द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा। यदि यही स्थिति रही और बरसात में वर्षा का पानी भूमिगत खदान में घुसता रहा, तो खदान को बंद होने से कोई नहीं बचा सकता। वही इस संबंध में बैजना कोलियरी के प्रबंधक संदीप कुमार का कहना है कि ओबी डंप का पानी खदान में नहीं जा रहा।

# अवैध उत्खनन स्थलों की भराई से कोयला चोरों में हड़कंप

खबर मन्त्र सवाददाता





**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के श्यामपुर पहाड़ी जंगल में अवैध उत्खनन की सूचना पर निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही कोयले के अवैध खनन में लगे कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस दौरान पुलिस ने श्यामपुर पहाड़ी में सात से अधिक अवैध उत्खनन स्थलों को चिन्हित किया। जिसके बाद ईसीएल सिक्योरिटी एवं सीआईएसएफ के सहयोग से अवैध उत्खनन स्थलों की जांच कर उसकी भराई करवाई गई। साथ ही थाना प्रभारी ने अपने वाहन से माइकिंग कर ग्रामीणों को अवैध उत्खनन स्थलों से दूर रहने का निर्देश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि कलियासोल-निरसा मुख्य सड़क पर अवैध कोयला लोड बाइक एवं स्कूटर संचालन की सूचना मिल रही थी। बुधवार की देर रात कोयला लोड दो बाइक एवं दो युवकों को पकड़ा गया था। कोयला चोरी रोकने के लिए श्यामपुर पहाड़ी में छापेमारी की गई तो सात अवैध उत्खनन स्थलों को चिन्हित किया गया। जिसकी जांच कर अवैध उत्खनन स्थलों की भराई करवाई गई। कोयला चोरी रोकने के लिए आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा। पुलिस के लगातार कार्रवाई से कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

एक नजर में

## नारायणपुर में 700 एकड़ में बिरसा हरित ग्राम आम बगावनी का लक्ष्य



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मुरली यादव ने की। बैठक में उन्होंने पंचायतवार मनरेगा योजना की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा की पुराने मनरेगा योजनाओं को शीघ्र क्लोज करें।आगे उन्होंने कहा कि रिजेक्ट ट्रांजैक्शन में संशोधन करें। बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी के लिए जिला से जो 700 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। उसको लेकर योजना क्रियान्वयन में तेजी लाएं। बागवानी योजना काफी सार्थक सिद्ध हो रही है।जॉब कार्ड से आधार सिडिंग का काम भी कुछ पेंडिंग है ।जिसे पूर्ण करें।नियमित रूप से मनरेगा योजनाओं की निगरानी करते रहें।बैठक मे बीपीओ विधुत मुर्मू, एई कुमार अनुराग रोजगार एवं अन्य मौजूद थे।

## 13 वर्षो बाद नसीब होगा कालोनी को पानी



**जोड़ापोखर।** सांसद ढुलू महतो के निर्देश पर क्षेत्र के बरारी स्थित डोम धौड़ा व नया धौड़ा कालोनी में शुक्रवार को लोदना क्षेत्र के कनीय अभियंता सौरभ और गिरीश कुमार ने इलाके के लोगों के साथ पाइपलाइन का सर्वे किया।बताया कि इन क्षेत्रों के लिए प्राक्कलन बनकर तैयार है,जल्द ही जल संकट दूर होगा।।बताते चले कि बीते दिनों धनबाद के सांसद श्री महतो ने कोलियरी क्षेत्र में जल संकट दूर करने को लेकर कोयला मंत्री को ज्ञापन सौंपा था।वही युनाटेड कोल वर्कर यूनियन ने भी इस क्षेत्र में जल संकट को लेकर लोदना महाप्रबंधक को लिखित दिया था।इसके बाद प्रबंधन ने सांसद के निर्देश पर बरारी डोम धौड़ा कॉलोनी में जलापूर्ति के लिए सर्वे कराया,जहाँ बिगत 13 वर्षों से जलापूर्ति नही हो रही थी।मौके पर लोदना क्षेत्रीय सचिव सत्येन्द्र गुप्ता,मुन्ना वर्मा,गणेश पासवान,राहुल पांडेय,मनीष कुमार थे।इस दौरान क्षेत्रीय सचिव सत्येन्द्र गुप्ता के आग्रह पर बरारी प्रबंधक ए शील ने काली मंदिर में लाइटिंग की व्यवस्था कराई।इसको लेकर ग्रामीणों में हर्ष है।

## शंकर दे कि प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई



**पूर्वी टुंडी।** गोविंदपुर -साहेबगंज मुख्य मार्ग पर हाथसारा स्थित शंकर चौक में शंकर प्रसाद दे की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शंकर दे विश्व हिंदू परिषद, के कार्यकर्ता तथा समाज सेवी के रूप में वह जाने जाते थे। श्रद्धांजलि देने में शामिल रहे भाजपा नेता विक्रम पांडे, भाजपा नेता ज्ञान रंजन सिंन्हा,परिमल दे,भाजपा नेता महादेव कुमार,झामुमो नेता अजीत मिश्रा,भाजपा नेता, बिपिन चंद्र दा,दिपनारायण सिंह गुड्डु सिंह, अजय सिंह,आजसू प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार, आजसू नेता नरेश महतो, भीमलाल भंडारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा के कार्यकताओं का सम्मान समारोह आज

**सिंदरी ।** सिंदरी विधानसभा के बूथ स्तर कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह गोविंदपुर के राज विलास पैलेस में शनिवार को किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा सिंदरी नगर की बैठक रोहड़ाबाँध कार्यालय में नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। नगर अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निश्चय किया है। इससे कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो उपस्थित रहेंगे। समारोह में सिंदरी के सभी बूथ अध्यक्ष गण, शक्तिकेंद्र के संयोजक, सह संयोजक सहित पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस लेने की जरूरत है। झारखंड की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना है। बैठक में राकेश तिवारी, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, विश्वनाथ गोराई, धीरज सिंह, संजय महतो, राघव तिवारी, गणपति बाउरी, अरविंद सिंह, मनीष सिंह, प्रदीप हांडी, इंदरजीत सिंह, नकुल सिंह, रामजी सिंह, चुमकी देवी, प्रकाश श्रीवास्तव, कुमार राजेश, अंजनी श्रीवास्तव, शिव प्रकाश, योगेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## केनरा बैंक ने मध्य विद्यालय में किया पौधारोपण



**गोविंदपुर ।** केनरा बैंक गोड्तोपा शाखा की ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोड्तोपा में शुक्रवार को पौधारोपण किया गया। शाखा प्रबंधक अनिल मल्लिक ने पौधरोपण कर इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बैंक ने पौधरोपण की मुहिम चलाई है। आज जिस तेजी से पेड़ों की कटाई की जा रही है, इतनी गति से पेड़ लगाए नहीं जा रहे हैं। इससे पर्यावरण एवं वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक का यह अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी अरविंद प्रभाकर, प्रधानाध्यापक दिनेश राय, बाबूलाल सावरिया, रिन्दु कुमारी, निरंजन दुबे, गोविंद पासवान, चंद्र भूषण तिवारी, गंगू महतो, मोनू लाल मुर्मू, गिरधारी महतो अकबर अली, विनोद बिहारी महतो, हेमंती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित थी।

सुप्रभात

शनिवार 13.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 84

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### बिना लाइसेंस और कागजात का टेंपो धराया

**कतरास।** पचगढ़ी बाजार में शुक्रवार के दिन टेंपो चेकिंग अभियान के दौरान एक टेंपो को बिना लाइसेंस व कागजात के पकड़ा। जांच में उसके पास लाइसेंस व कागजात नहीं पाए गएए जांच के दौरान टेम्पो चालक पर 4000 रुपये का जुमार्ना लगाया गयाए मौके पर बांड भराकर उसे छोड़ा गया तथा जुमार्ना की राशि भरने की हिदायत दी गई।

### आरोपी को छोड़ने पर मधुबन के थानेदार हटाए गए

**कतरास।** विगत दिनों मधुबन थाना में पथराव एवं हवाई फायरिंग मामले में नामजद आरोपी सूरज पांडेय को थाना से छोड़े जाने के मामले को लेकर धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने गंभीरता से लिया तथा थानेदार जय प्रकाश को शोकॉज करने के उपरांत लापरवाही बरतने के आरोप में थाने से हटा दिया गया। उनके स्थान पर सरायढेला थाना के जेएसआई तिहु प्रसाद को मधुबन थाना का कमान सौंपा गया है।

### धनबाद में नेशनल लोक अदालत आज

**धनबाद।** सिविल कोर्ट धनबाद में नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्धुत रंजन सारंगी करेंगे। उन्होंने बताया कि अदालत की सफलता के लिए विभिन्न विभाग बैंक इंस्योरेंस कंपनियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही है। विवादों के निपटारे के लिए बारह बेंच का गठन किया गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वह अपने विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराएं।

# पायनियर के संचालक गिरफ्तार पिस्तौल और कई कारतूस बरामद

**सफाईकर्मियों के साथ मारपीट का था आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में कचरा उठाव करने वाली पायनियर कम्पनी के संचालक रोहन कौशिक एवं उसके सहयोगी मोण अतीक को चिरकुंडा पुलिस ने एक पिस्तौल ;कट्टाद्ध एवं चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को धनबाद जेल भेज दिया। इसकी जानकारी निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने मैथन स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। श्री बाखला ने बताया कि गुरुवार के सुबह चिरकुंडा नगर परिषद के सफाईकर्मी अमृत बाउरी के साथ अन्य सफाईकर्मियों ने चिरकुंडा थाना पहुंच कर पायनियर कम्पनी के संचालक रोहन कौशिक एवं अन्य के खिलाफ मारपीट करने व जातिसूचक गाली देने की लिखित शिकायत की। सफाईकर्मियों ने आरोप लगाया कि रोहन कौशिक हमेशा पिस्तौल दिखाकर हमलोगों को धमकाता रहता हैए उसकी कार की जांच करने की मांग की। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने रोहन कौशिक को पूछताछ के लिए थाना बुलवाया। रोहन कौशिक के थाना पहुंचते ही सफाईकर्मी उग्र हो गए और पुलिस से उसकी कार की तलाशी लेने की मांग करने लगे। थाना प्रभारी ने तुरंत स्थिति से मुझे अवगत कराया। सूचना मिलते ही मैं भी थाना पहुंचा। रोहन कौशिक की मारूति सुजुकी कार की तलाशी ली गई। तलाशी में चालक डोर की ओर से काले रंग के पाउच में एक पिस्तौल चार जिंदा कारतूस दो गोली जैसा दिखने वाला धातू एक स्टील का हथौड़ा बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मौके पर ही रोहन कौशिक एवं उसका सहयोगी मो अतीक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसका कार भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज धनबाद जेल भेजा जा रहा है। मौके पर चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह अर्जुन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हत्याकांड का उद्भेदन : दो गिरफ्तार

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में दो माह पहले एक महिला की पत्थर से कुच कूचकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने शुक्रवार को उदभेदन कर दिया है। हत्याकांड में शामिल दोनों अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर आज धनबाद भेज दिया। इस संबंध में निरसा के एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने शुक्रवार को मैथन स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर विस्तार से जानकारी दी।। एसडीपीओ श्री बाखला ने बताया कि दो माह पूर्व गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के सियारकनाली रेलवे लाइन के समीप महिला की गई हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है हालांकि इस हत्याकांड के उदभेदन करने में पुलिस को दो महीने का समय लग गया। उन्होंने बताया कि 23 मई को गलफरबाड़ी पुलिस को सूचना मिली थी कि सियारकनाली रेलवे लाइन समीप अधमरा एवं बेहोशी की स्थिति में एक महिला पड़ी हुई है। सूचना पर गलफरबाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिला को इलाज हेतु धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच भेज दिया था। जहां उसकी मौत तीन दिन बाद 27 मई को हो गई थी। तब तक महिला अज्ञात थी। पत्रकारों के सहयोग से महिला का पता लगाया गया। महिला की पहचान कालूबथान ओपी क्षेत्र निवासी अफसना खातून ;32द्ध के रूप में हुई। उसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की जांच शुरू हुई। जिसमें पता चला की अफसाना खातून तलाक शुदा थी। उसका प्रेम प्रसंग कालुबथान ओपी क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी शाहाबुद्दीन अंसारी के साथ चल रहा था। शहाबुद्दीन ने अपने दोस्त रब्बानी के साथ अफसाना खातून को होंड़ा बाइक से लेकर सियारकनाली पहुंचा। जहां रेलवे लाइन किनारे उससे 2.26 लाख रुपए छीन कर उसकी हत्या कर दी। जिसे दोनों ने आधा आधा बांट लिया। बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## धनबाद : पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रेल कर्मियों का प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पुराने पेंशन की मांग को लेकर शुक्रवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा.2 के हिल कॉलोनी स्थित कार्यालय के समक्ष रेल कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष एन के ख्वास ने बताया कि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आज धनबाद रेल मंडल की 14 शाखाओं में नई पेंशन योजना को खत्म कर पुरानी पेंशन बहाल के लिए प्रदर्शन किया गया है। हम अपनी पुरानी मांगों पर अडिग है। केंद्र सरकार कुंभकरणी नींद से नहीं जगती है तो हम आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। पुरानी पेंशन की मांगों से रेल कर्मियों को वंचित नहीं किया जा सकता है। केंद्रीय संगठन सचिव नेताजी सुभाष ने कहा की सरकार को पुरानी पेंशन नीति 18 महीने के बकाया दिए तथा आठवीं वेतन आयोग का गठन करना संगठन का प्रमुख मांग है। वहीं दूसरे तरफ ईसीआरकेयू के लाइन ब्रांच ने कोचिंग परिसर के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रशांत बनर्जी ने की। शाखा सचिव जे के साव ने कहा की एक देश में दो पेंशन नीति नहीं चल सकती है सभी के लिए एक पेंशन नीति पुरानी पेंशन नीति होनी चाहिए।

**प्रदर्शन में थे शामिल**

प्रदर्शन में विश्वजीत मुखर्जी परमेश्वर कुमार मंटू सिन्हा एसके महतो ए के दास डी कुमार बद्री कुमार रविशंकर अनिल रावत गजेंद्र सिंह मृग भूषण सिंह दीपक कुमार शंभुनाथ राम रीतलाल गोप देवानंद दास कौशलेंद्रर कुमार आदि शामिल थे।

## मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में हुए कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुहर्रम को लेकर शुक्रवार को शहर के न्यू टाउन हॉल में एसएसपी एचपी जनार्दनन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने अपने.अपने विचाररखे। साथ ही आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं एसएसपी ने तय मार्ग एवं समय पर जुलूस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर किसी को आपत्ति जनक पोस्टध्भड़काऊ पोस्ट की जानकारी मिलती है तो अविलंब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दे। कोई भी कानून अपने हाथों में लेने की कोशिश नहीं करेगा। माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाई की जायेगी। वहीं संबंधित पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक जुलूस आयोजकों से समन्वय स्थापित करेंगे। जुलूस निर्धारित रूट से ही निकलेए इस बात का भी ध्यान रखेंगे। इससे पूर्व सभी पदाधिकारी अपने स्तर से रूट का भी जांच कर लेंगे।

# चिटाही जमीन विवाद में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, जांच के दिये आदेश

### सांसद ढुल्लू महतो समेत 11 के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के चिटाही धाम के समीप जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। उन्होंने ट्विट कर डीसी माधवी मिश्रा को मामले की त्वरित जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाई की का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री के ट्विट के बाद बरोरा पुलिस बजी शुक्रवार को रेस नजर आयी। मारपीट में जख्मी नीरा देवी को शिकायत पर बरोरा थाने में सांसद ढुलू महतो सहित 11 नामजद व 12 अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इन सभी पर षडयंत्र के तहत जान मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी करनेए छेड़खानी करने व संपत्ति का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि चिटाही निवासी डोमन महतो अपनी जख्मी पत्नी नीरा देवी को लेकर बरोरा थाना पहुंचे थे जहां आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। आवेदन पत्र में उन्होंने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के इशारे पर उनके समर्थकों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया हैण पत्र में कहा गया है की दिनांक 11 जुलाई को दोपहर 2ण्30 में वह अपनी पुत्री के साथ राम राज मंदिर गेस्ट हाउस के पीछे स्थित खेत मे सब्जी तोड़ रही थीण तभी वहाँ सांसद ढुल्लू महतो के समर्थक अजय गोरायए पिता विशु गोरायए रामेश्वर सावए पिता माथुर सावए केदार यादव पिता नामालूमए 4 आनंद शर्माए पिता नामालूमए बसंत राय उर्फ बूढ़ा रायए पिता नकुल रायए भला रायए पिता शिबू रायए प्रेम महतोए पिता भरत महतोए नागेंद्र प्रजापतिए पिता नामालुमए ;सभी ग्राम चिटाहीद्धए डंपी मंडलए पिता लालू मंडलए ग्राम कोड़ा डीहए सुभाष सिंह पिता विभूति सिंहए ग्राम लेढ़ी डूमर तथा अन्य एक दर्जन लोग लाल गमछा से मुँह बांध कर आयेण उनलोगो के पास डंडाए तलवारए बड़ा वाला बंदूक थाण उनलोगो ने आकर जेसीबी से उनके खेत के घेरा को तोड़ते हुए फसल नष्ट करने लगे। जब इसका विरोध किया तो सांसद का नाम लेकर धमकाने लगेण पत्र में कहा गया की उनलोगो के द्वारा पूर्व में हुए केस में गवाही दिए जाने के नामपर धमकाने लगे। तभी वहाँ पहुँची उनकी गोतनी रजनी देवीए पति स्वण नंदलाल महतो एवं उषा देवी पति सोहन महतो भी वहां पंहुचे तथा विरोध जताने लगे। इसी बीच अजय गोराय ने मुझे बाल से पकड़ कर घसीटते हुए पटक दिया एवं जान मारने की नीयत से तलवार से वार कियाण इस बीच केदार यादव ने मुझपर लात से वार करने लगा। आनंद शर्मा ने उसकी गोतनी को दौड़ाकर मारते हुए उसका मोबाइल छीन लियाण उषा देवी के साथ भी मारपीट किया गया।

> ढुल्लू महतो के खिलाफ कोर्ट में गवाही देने के कारण हुई थी। मारपीट खेत की फसल को किया गया नुकसान।
> **पीड़िता की शिकायत**

**पहले भी हो चुका है जमीन छीनने का प्रयास**

आवेदन में कहा गया की राम राज मंदिर के बाहर स्थित हमलोगों की जमीन छिनने का प्रयास ढुल्लू महतो द्वारा पहले भी किया गया था उस समय भी ढुल्लू महतोए अजय गोरायए बुढा राय कृष्णा रविदासए विट्ठू सिंह डंपी मंडल एवं अन्य द्वारा हमलोगों से मार पीट किया गया था उस समय मेरे पति डोमन महतो द्वारा केस किया गया था। यह केस अभी न्यायालय में विचाराधीन है। कल इस केस की सुनवाई थी और मेरे पति उस केस में गवाही देने गए थे। मेरे पति द्वारा गवाही दिए जाने के कुछ ही देर बाद उपरोक्त घटना को अंजाम दिया गया।

## आईआईटी आईएसएम के गार्ड का फंदे से लटका मिला शव

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम में कार्यरत सुरक्षा गार्ड राजू गिरी ;35वर्षद्ध ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार की सुबह उसके क्वार्टर की खिड़की से वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने घर में शव को फंदे लटकते देखा। इसकी जानकारी आईएसएम प्रबंधक और एजेंसी को दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच घर का दरवाजा तोड़कर अंदर गई। शव को फंदे से उतारकर पंचनामा किया गया। उसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाईड नोट नहीं मिला है। शव को देखकर आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही सही जानकारी मिल पायेगी। यह इस संस्थान में कमांडो सिक्युरिटी एजेंसी के अंतर्गत फरवरी 2023 से कार्यरत था। मूल रूप से बिहार के गया जिले का रहने वाला था। इसके साथियों का कहना है कि इसके साथ कुछ पारिवारिक कलह थी। गुरूवार की रात हीरापुर में एक रिश्तेदार की शादी में गया थाए वहां से आने के बाद अपने क्वार्टर में सो गया। सुबह आसपास के गार्ड ने देखा की उसकी खिड़की खुली हुई है। उसके बाद मौत की जानकारी मिली। दरवाजा अंदर से बंद थाए इसलिए उसे तोड़ना पड़ा। पुलिस अन्य मामलों की जांच कर रही है। इस संबंध में मृतक के बहनोई राजीव गिरी ने बताया कि मैं इसके पास नहीं आता था। आज जब उसकी मौत की सूचना मिली तो यहां पहुंचा। मौत का कारण मुझे नहीं पता। दूसरी कमांडो सिक्युरिटी एजेंसी के फिल्ड अफसर उपनेश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार से ये ड्यिूटी पर नहीं आ रहा था। फोन करने पर बताया था कि बीमार हूंए ठीक होंने के बाद की काम पर वापस आउंगा। मौत का कारण तो हमें भी पता नहीं है।

## रंगदारी का मामला : सांसद ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

- मुकेश का यू टर्न : कहा कोई घटना नहीं घटी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले की सुनवाई एमपी/एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने गवाह मुकेश चंदानी को अदालत में पेश किया । मुकेश ने अपने पूर्व के बयान से यू टर्न लेते हुए कहा कि उसके साथ कोई घटना नहीं हुई। ढुल्लू महतो से उसकी कभी मुलाकात नहीं हुई पुलिस ने उनका बयान नहीं लिया था । बताते हैं कि इसके पूर्व दो गवाह जमशेद आलम एअरुण झा ने भी घटना का समर्थन नहीं किया था । सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने अभियोजन का संचालन किया ।सुनवाई के दौरान भाजपा सांसद ढुलू महतो हाजिर नहीं थे। अधिवक्ता एस एन मुखर्जी ने उनकी ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था।

**क्या है मामला**

ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एस एस सेट्टी की शिकायत पर धनबाद थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार 14 जून 2018 को ढुलू महतो ने दिन के करीब 11 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है। इस दौरान उसके साथ गलत भाषा का प्रयोग करते हुए बेइज्जत किया गया और शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई। यहां तक की मैनेजर को दुष्कर्म और एससी.एसटी के झूठे केस में फंसा देने की बात कही गई। साथ ही कहा गया कि विधायक के खिलाफ बोला तो बाहर फेंकवा दिया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि कंपनी को क्षति पहुंचाने का बहुत तरीका उनके पास है। मशीन जब्त कर ली जाएगी। यहां से कंपनी कोई भी सामान वापस नहीं ले जा सकेगी। विधायक की अनुमति के बगैर कंपनी काम नहीं कर पाएगी। चाहे मुख्यमंत्री से शिकायत करें या प्रधानमंत्री से कोई फायदा नहीं होगा।

# 3500 परिवारों के लिये बनेगी कॉलोनी, पारदर्शी होगा भूमि अधिग्रहण

**टासरा के विस्थापितों के लिए लोक सुनवाई**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** भारत सरकार के उपक्रम सेल के टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों के लिए आसनबनीए कालीपुर और सरसाकुड़ी में 41ण्16 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया जाना है। 3500 विस्थापित परिवारों के लिए बनने वाली कालोनी के लिए शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय आसनबनी में सारडा के तहत लोक सुनवाई आयोजित की गई। इसमें कई ग्रामीणों ने कुछ शर्तों के साथ जमीन देने की सहमति जताई। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ;एलइओद्ध रामनारायण खलको ने बताया कि टासरा प्रोजेक्ट और आसनबनी में भू अर्जन 2013 अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण पारदर्शी किया जाएगा। एक से डेढ़ साल में विस्थापितों और प्रभावितों को मुआवजा राशि सहित विस्थापन की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी एक जनसुनवाई की जाएगी।

**लोक सुनवाई में ये लोग थे मौजूद**

लोक सुनवाई में जिला भू अर्जन पदाधिकारी रामनारायण खलको बलियापुर अंचलाधिकारी सुदीप एक्का सेल महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती आसनबनी मुखिया राँगा किश्कूए घड़बड़ मुखिया दिनेश सरखेल सेल अधिकारी पंकज कुमार पंकज मंडलए केटीएमपीएल प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेशए महेश कोटा मनीष कुमार सिंह विजय शर्मा सहित कई अधिकारी व ग्रामीण रैयत मौजूद थे।

### रैयतों ने भूमि अधिग्रहण को लेकर रखी शर्तें

आसनबनी में चल रही लोक सुनवाई में हरहरीए कालीपुरए आसनबनी और सरसाकुड़ी के ग्रामीण रैयतों ने माँग की है कि भूमि अधिग्रहण के बदले चिकित्साए शिक्षाए सिंचाई और पीढ़ी दर पीढ़ी रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही मुआवजा राशि पर ही भूमि अधिग्रहण करने देंगे। अगले बैठक में सहमति पर निर्णय कर जमीन देंगे। शिवपुर के पूर्व मुखिया हरे कृष्ण महतो ने कहा कि सेल प्रबंधन रैयतों से जमीन जबर्दस्ती नहीं ले सकती है। प्रत्येक रैयतों का भूमि पर अपना अधिकार है। युवाओं ने कहा कि आँध्रप्रदेश के अमरावती प्रोजेक्ट की तरह ही किसानों को फायदा मिलना चाहिए। रोजगार के लिए इंटर्नशिप कराया जाए। विस्थापन प्रमाणपत्र प्रोजेक्ट के विस्थापितों की तरह यहाँ के रैयतों को भी मिलना चाहिए। कुछ ग्रामीणों ने लोक सुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि गाँव का दलाल रैयतों को गुमराह कर सेल प्रबंधन को फायदा पहुँचाना चाहता है। आशीष महतो ने कहा कि एक ईंच जमीन नहीं देंगे। हमसभी भूमि अधिग्रहण का विरोध करते रहेंगे।

### टासरा प्रोजेक्ट से 3500 परिवार होंगे विस्थापित : जीएम

सेल महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने कहा कि टासरा प्रोजेक्ट से 3500 परिवार विस्थापित होंगे। उनके लिए आधुनिक कालोनी का निर्माण किया जाएगा। वर्ष 2013 में बने भूमि अधिग्रहण कानून के तहत सामाजिक मूल्यांकन कर विकास और विस्थापन किया जा रहा है। रोजगारए स्कूलए अस्पताल की सुविधा विस्थापित रैयतों को मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों के विरोध का जवाब देते हुए कहा कि कोई जोर जबर्दस्ती भूमि अधिग्रहण नहीं कर सकता है। जिप सदस्य उषा महतो ने कहा कि प्रबंधन रैयतों की समस्याओं से अवगत हो चुकी है। पूर्व में रैयतों की डीवीसी में गई जमीन का मुआवजा राशि अभी तक नहीं मिला है। इससे रैयतों में आक्रोश है। रैयत जमीन पारदर्शिता के साथ देंगे। प्रबंधन मुआवजा राशि और अन्य सुविधाएं का मापदंड तय करे। ग्रामीण रैयतों ने कहा कि जब तक उन्हें सही ढंग मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो जाता है, तब तक वे अपने स्थान से विस्थापित नहीं होंगे।

## मुकेश हत्याकांड में दो आरोपी दोषी करार, सजा 15 जुलाई को

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हीरापुर निवासी मुकेश पंडित की हत्या के मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी दामोदरपुर निवासी उज्जवल शर्मा एवं मृतक की पत्नी निलम देवी को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख निर्धारित की है । मृतक की पत्नी नीलम जमानत पर बाहर थी अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। प्राथमिकी मृतकके पिता इतवारी पंडित के शिकायत पर धनबाद थाने में 26 मार्च 22 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 25 मार्च 22 की रात मृतक मुकेश अपने घर में यह कह कर गया कि वह रात में हरि कीर्तन सुनने कमार्टांड़ जाएगा आने में उसे देर होगी। मृतक मुकेश हटिया में पान दुकान चलाता था। उसका शव बांसबाडी में पड़ा मिला था। उसकीहत्या गोली मारकर की गई थी।

**हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और मोबाइल बरामद**

अनुसंधान के दौरान पुलिसने उज्जवल को पकड़ा जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व मोबाइल फोन बरामद किया गया। मोबाइल फोन के कॉल डिटेल से पता चला की हत्या के पहले हत्या के समय और हत्या के बाद भी उज्जवल का संपर्क मृतक की पत्नी निलम देवी के साथ था । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 28 जून 22 को दोनों के विरुध आरोप पत्र दायर किया था । 5 अगस्त 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने 16 गवाहों का परीक्षण कराया था।

## स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्वक मनाएं मुहर्रम : थाना प्रभारी



टाटीझरिया। थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीओ नीलम टुडु एवं संचालन थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद एवं इंस्पेक्टर शहजाद थे। बैठक में प्रखंड के दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। सीओ नीलम टुडु ने कहा कि टाटीझरिया का इतिहास हमेशा आपसी भाईचारा के साथ पर्व को मनाने का रहा है आशा है कि आगे भी यहां के लोग इस परंपरा को बनाए रख मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक से मनाना है। किसी प्रकार की अपवाह पर ध्यान नही दे। बैठक में एएसआई प्रमोद कुमार,मो मुख्तार ,साहबान अंसारी,मो मकसूद अंसारी,तैयब मियां, जैनुल अंसारी, मो क्यूम, सरफुद्दीन अंसारी, अनवर, मियां, तौफीक आलम, मो हबीब,नौशाद आलम मौजूद थे।

### आरएलए से मिले फार्मासिस्ट



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के नवनियुक्त ड्रग विभाग के आरएलए रंजित कुमार चौधरी से अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी गण ने औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। झारखंड मे पीपीआर 2015 फामेर्सी एक्ट जल्द लागू करने पर विचार हुआ, एवम फार्मसिस्टो ने मांग रखा की कोई भी दवा दुकान बिना फार्मासिस्ट का नही चलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया और सहयोग करने की बात कही। चौधरी ने कहा कि मेरा पहला प्रथमिकता है कि कोई भी दवा दुकान नियमानुसार नही चलने पर कार्रवाई किया जाएगा। मिलने वालो में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप कुमार, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव सुजीत कुमार, कुणाल कुमार गुप्ता , कोषाध्यक्ष बिमल कुमार, राधिका जायसवाल, विनय कुमार , रोशन कुमार, प्रसांत कुमार, टिंकू कुमार, अभिजीत कुमार , रंजित रंजन राहुल कुमार एवं काफी संख्या में फार्मासिस्ट गन शामिल हुए।

### चरही में क्रेन चालक की मौत

**चरही ।** चिंतपूर्णी स्पंज आयरन प्रा.लि.के भट्ठी नंबर 4 में बीते बुधवार रात करीब दो से ढाई बजे के बीच विस्फोट हो जाने के कारण कार्रयत क्रेन चालक मुन्ना प्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था।इनके साथ कार्य करने वाले अन्य तीन कर्मी भी घायल हुए थे।जिसमें मुन्ना की स्थिति गंभीर थी।जिसे इलाज के लिये रांची के देवकमल अस्पताल ले जाया गया।जहां पर इलाज के क्रम में गुरुवार की देर रात उसकी मौत हो गई। जबकि मृतक के साथ जितेंद्र यादव इलाज चल रहा है।

### बैजलाडीह में खुले आंगनबाड़ी केंद्र



**बरही।** विजैया पंचायत के बैजलाडीह में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने से यहां के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से वंचित हैं। छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और किशोरियों को पोषाहार या अन्य कोई राशन नही मिल रहा है। मुखिया मकीना खातून ने राज्य सरकार से बैजलाडीह में आंगनबाड़ी स्थापना की मांग की है। उन्होंने बताया कि बैजलाडीह में लगभग 250 परिवार रहते हैं, इसके बावजूद यहां आंगनबाड़ी केंद्र नही है।

### 16 जुलाई को निःशुल्क मिलेगा बीज

**बरही।** 16 जुलाई को प्रखंड कृषि तकनीकी केंद्र में नेशनल बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कृषोन्नति योजना 2024-25 के तहत एच आई एल एवम एनएससी की ओर से शत प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध करवाए जायेंगे। इसके लिए जिला से धान पीएनपीएच (हाइब्रिड) 225 किग्रा, अरहर बीज आइपीए-203 व मक्का बीज डीएचएम-121 के 160 किग्रा बीज प्राप्त हुए है। बीज पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर वितरित किए जायेंगे।

### बरही में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

बरही। त्योहार को देखते हुए बरही पुलिस प्रशासन ने बरही के चारो रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सीओ रामनारायण खलखो व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने किया। इस दौरान सीओ व इंस्पेक्टर ने घूम-घूमकर सड़क पर ठेला, सब्जी व फल विक्रेताओं को आगाह किया कि वह सड़क पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है और यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि बरही पुलिस के द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बरही पुलिस सफल साबित हुई है। मोटरसाइकिल चलाने वाले अब अधिकांश हेलमेट का प्रयोग करने लगे है। मौके पर रीतलाल रजक, चौकीदार सुभाष कुमार, मो अताउल्लाह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### पदमा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक



**पदमा ।** ओपी परिसर में पदमा सीओ मोती लाल हेंब्रम बरही इंस्पेक्टर विमल लकड़ा के आध्यक्षता में शांति समिति की बैठक मुहर्रम को लेकर हुई । इंस्पेक्टर विमल लकड़ा ने कहा कि पूरे बरही आनुमंडल में शुक्रवार से 19 जुलाई तक निषिद्ध लगाया गया है। थाना प्रभारी ने पूरे पदमा प्रखंड के सभी गावो में मुहर्रम त्योहार में निकाले जाने वाली लाइसेंसी ताजिया की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पदमा प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ा है, उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, निर्धारित मार्ग एवम निर्धारित समय पर ताजिया निकले आफवाहो पर ध्यान नहीं दे, दूसरे धर्मो की थेश पहुंचाने की बाते न हो। मौके पर एएसआई राजेश कुमार हजार, आलोक कुमार पदमा मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता 20सूत्री अध्यक्ष संजय यादव रोमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ डीसी ने मोबाइल मेडिकल वैन को दिखायी हरी झंडी

# हर दिन दो गांवों में ओपीडी में मरीजों का होगा इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से हंस फाउंडेशन के जरिए सीएसआर के तहत शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से चार मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं संबंधित अधिकारियों को वैन के सुचारू रूप से संचालन के लिए रूट चार्ट एवं रात्रि पड़ाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर जिला प्रशासन या संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का निर्देश वैन संचालक को दिया। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में यह वैन सिर्फ रामगढ़ प्रखंड को उपलब्ध कराई गई है, जो रामगढ़ प्रखंड की सभी पंचायतों में घूम-घूम कर एक दिन में कम से कम दो गांवों को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराएगी। आने वाले दिनों में यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे रामगढ़ जिले में शुरू होगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन एक चलंत मिनी स्वास्थ्य केंद्र की तरह कार्य करता है, जिसमें एक डॉक्टर के साथ दो एएनएम की टीम होती है। वैन में ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड शुगर मापने की मशीन, स्टेथेस्कोप आदि के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों में दी जाने वाली जेनेरिक मेडिसिन आदि मौजूद है। इससे आम लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, डीपीएम एनएचएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव आदि के अलावा द हंस फाउंडेशन से रीजनल हेड शिशुपाल मेहता, प्रोजेक्ट मैनेजर सैमुअल सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह एवं सुभाष मुखर्जी के साथ अन्य उपस्थित थे।

## रौशनलाल चौधरी ने लाठी खेल का किया उद्घाटन

**खबरमन्त्र संवाददाता**



**केरेडारी।** पांडु के गोसिया मुहल्ला में शान ए हुसैन कमिटी के द्वारा मोहर्रम का मानने को लेकर लाठी खेल का उद्घाटन आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह विधायक प्रत्यासी रौशनलाल चौधरी, पूर्व मुखिया रब्बानी मियां पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो. समीम पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी सफर रजा सदर मो. मनोवर सिक्रेटी मो जुनेद सरपरस्त मो अरशद, मो मोफिल, सिक्रेटी मो इम्तियाज, रोशन मियां, सदर मो नौशाद एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा किया गया।

चौधरी ने कहा कि इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण पर्व मुहर्रम है । इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की 10वें दिन मनाया जाता है। इस दिन को आशूरा कहा जाता है। यह गम का त्योहार है। मौके पर मो रियाज मो अजमत मो मोजाहिर भोला महतो दीपक कुमार दीन्हा मो साहबान अनिल राम राजा खान मो इफ्तेखार हकीम मियां सुनील कुमार संजर रजा मुन्ना खान मो कौसर मो सलामत मुतुर्जा मियां मो अब्दुल्लाह समेत शान ए हुसैन कमिटी के सदस्य समेत गांव सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सरकार बरही में जल्द बनाये सिविल कोर्ट : केदार यादव



**बरही।** राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक बरही में सिविल कोर्ट का निर्माण नहीं हो पाया है। उक्त बातें युवा नेता सह बरही विधानसभा उम्मीदवार केदार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि आमजनों की छोटी छोटी समस्या होने पर उन्हें हजारीबाग जाना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि बरही सिविल कोर्ट की स्थापना जल्द से जल्द किया जाए ताकि यहां के लोगों को सिविल कोर्ट का लाभ मिल सके।

## मनीष जायसवाल से मिले पकरी बरवाडीह परियोजना प्रमुख तैय्यब



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल से परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह फैज तैय्यब ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट की। परियोजना प्रमुख ने इस दौरान उन्हें सांसद बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और परियोजना से संबंधित कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा किया। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना आस पास के क्षेत्रों में सामाजिक विकास भागीदारी के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही, जिससे बड़कागाँव प्रखंड समेत आस पास के कई गांवों लाभान्वित हुए हैं। पकरी बरवाडीह ने आस पास के गांवों में आधारभूत संरचनाओं का विकास जैसे सड़कों का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार, लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कळक में बच्चों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग।** बेस पंचायत, नया टोंगरी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग की मदद से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाया। यहाँ के ग्रामीण पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में जीवन बिता रहे थे। लोगों ने बताया कि वे कई दिनों से कई जन प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगा रहे थे, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जब इस समस्या की जानकारी टीम मुन्ना सिंह के निजी प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को हुई, तब मुन्ना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के सहयोग से यह नया ट्रांसफार्मर लगवाया। स्थानीय लोगों ने मुन्ना सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और सहयोग से ही यह संभव हो पाया है, और उन्होंने मुन्ना सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पौधरोपण कर नमामि गंगे के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक : डीडीसी

**सीसीएल, टिस्को, जिंदल व अन्य संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर पौधरोपण सप्ताह मनायें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में नमामि गंगे योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जुलाई माह में एक सप्ताह तक यह कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर होगा और लोगों को नमामि गंगे योजना के तहत होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह बात शुक्रवार को जिला गंगा समिति की बैठक में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कही। उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने के लिए समिति के सदस्यों को इस माह में एक सप्ताह चयनित करते हुए पौधरोपण सप्ताह के रूप में मनाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला एवं प्रखंड कार्यालयों, सीसीएल, टिस्को, जिंदल आदि संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए पौधरोपण सप्ताह मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों में एक गंगा मित्र का चयन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04072024-255150
CG-DL-E-04072024-255150

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2416] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 2, 2024/आषाढ़ 11, 1946
No. 2416] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 2, 2024/ASHADHA 11, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2024

का. आ. 2551 (अ) केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि) के गाँवों में अर्थात् विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत कधवन, आरही, भण्डार एवं गुरी, पण्डवा अंचल अन्तर्गत गाड़ीखास, कजरी, बटसरा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला एवं टिकुलिया, जिला – पलामू, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् दलाओ, पलामू, को लिखित रूप में प्रस्तुत की जायेगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची
झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात् कधवन, आरही, भण्डार एवं गुरी, पण्डवा अंचल अन्तर्गत गाड़ीखास, कजरी, बटसरा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला एवं टिकुलिया, जिला – पलामू, राज्य – झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

जिला : पलामू [फा.सं.:NHAI/RO/RNC/JH/LA/3A]
https://egazette.gov.in अभय जैन, उप सचिव
प्रकाशन तिथि: 2 जुलाई, 2024
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification id=67942&file_id=45768
https://egazette.gov.in/(S(oiks3wdq5nxbgypzu2 buxqyy))/ViewPDF.aspx

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल,धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 21/24–25.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 22/07/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 23/07/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 23/07/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, / विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | योजना भवन डोरण्डा राँची स्थित सचिव, योजना एवं विकास विभाग (कमरा सं० 106) में 2 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के बदलीकरण का कार्य। | 1,73,981-00 | 500-00 | 4,000-00 | 14 दिन |
| 2. | ए० जी० मोड़ डोरण्डा के समीप स्थित न्यायाधीश आवास सं०-02 में 2 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के बदलीकरण का कार्य। | 3,25,371-00 | 750-00 | 7,000-00 | 21 दिन |
| 3. | एच० ई० सी० कॉलोनी, धुर्वा राँची स्थित आवास सं०-B/2369/2, B/2651/2, B/1224/2, B/1006/2 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,19,777-00 | 750-00 | 7,000-00 | 21 दिन |
| 4. | डोरण्डा राँची स्थित मंत्री आवास, फॉरेस्ट बंगला सं0 1 के जीम, गेस्ट हाउस, नवनिर्मित कमरा में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं अतिरिक्त कार्य साथ ही केबल अधिष्ठापन का कार्य। | 6,91,284-00 | 1250-00 | 14,000-00 | 28 दिन |
| 5. | डोरण्डा राँची स्थित आवास सं०- 97/124 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं ब्लॉक 1 (डी० टाईप) एवं ब्लॉक 1 (बी० टाईप) मे केबल बदलीकरण एवं हरमू राँची स्थित जनता फ्लैट सं0 19 एवं 25 के आउटर लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 3,03,995-00 | 750-00 | 6,500-00 | 21 दिन |
| 6. | राजा रानी कोठी डोरण्डा, राँची स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल (कमरा सं0 108) में 03 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र, डिस्पेन्सरी में 01 अदद् 2.0 टन क्षमता, डी०डब्लू० एस० मंत्री कक्ष में 02 अदद् 1.5टन क्षमता, नेपाल हाउस स्थित सचिव कक्ष (कमरा सं0 302 ब) में 01 अदद् 1.5 टन क्षमता, डी०आई०जी०, सी० आई०डी० के कार्यालय 1 अदद् 2.0 टन क्षमता एवं मुख्य विद्युत अभियन्ता-सह-मुख्य विद्युत निरीक्षक के कार्यालय कक्ष में 01 अदद् 1.5टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के बदलीकरण का कार्य। | 7,23,661-00 | 1250-00 | 15,000-00 | 28 दिन |
| 7. | ए०जी० मोड़ डोरण्डा, राँची स्थित जल संसाधन विभाग (माननीय मंत्री आलमगीर आलम) के गार्ड रूम, आवासीय कार्यालय, सरवेंट कमरा, बैरक एवं गैरेज में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,76,013-00 | 750-00 | 10,000-00 | 21 दिन |
| 8. | सेक्टर-2 धुर्वा राँची स्थित राज्य पिछड़ा आयोज कार्यालय आवास सं० E10 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,18,312-00 | 750-00 | 7,000-00 | 21 दिन |
| 9. | सेक्टर-2 धुर्वा राँची स्थित विधायक आवास सं० E15 के आउटहाउस में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,39,822-00 | 500-00 | 5,000-00 | 14 दिन |
| 10. | सेक्टर-3 धुर्वा राँची स्थित विधायक आवास सं० F44 के नवनिर्मित भवन, कार्यालय में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,59,203-00 | 750-00 | 10,000-00 | 21 दिन |
| 11. | छतरपुर, पलामू स्थित सिविल अनुमण्ड पदाधिकारी के आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,90,940-00 | 750-00 | 10,000-00 | 21 दिन |
| 12. | हजारीबाग स्थित प्रिंसपल जज फैमली कोर्ट के आवास में आन्तरित एवं वाह्य विद्युतीकरण के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,94,075-00 | 750-00 | 6,000-00 | 21 दिन |
| 13. | डाल्टेनगंज, पलामू स्थित सर्किट हाउस में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 4,93,987-00 | 750-00 | 10,000-00 | 21 दिन |
| 14. | पालमू स्थित डी०सी० आवास के परिसर में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,45,451-00 | 500-00 | 5,000-00 | 21 दिन |
| 15. | हजारीबाग स्थित सी० जे० एम० आवास में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 1,60,419-00 | 500-00 | 4,000-00 | 14 दिन |
| 16. | हजारीबाग स्थित माउंट कार्मेल स्कूल के समीप मजिस्ट्रेट कॉलोनी, के परिसर में एल०ई०डी० सुरक्षा लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,14,443-00 | 500-00 | 5,000-00 | 14 दिन |
| 17. | प्रधान जिला एवं सत्र् न्यायाधीश रामगढ के आवास में में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,90,284-00 | 750-00 | 6,000-00 | 21 दिन |
| 18. | चन्दनडीह, लातेहार स्थित पी०डब्लू०डी०-7 (ई० टाईप) काली मन्दिर के विपरित एवं ब्लॉक-A E-1 में में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं भवन लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 3,85,646-00 | 750-00 | 8,000-00 | 21 दिन |
| 19. | व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर स्थित ई०-सेवा केन्द्र में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 1,46,767-00 | 500-00 | 3,000-00 | 14 दिन |
| 20. | गढ़वा स्थित न्यायधीश कॉलोनी के ब्लॉक सी के आवास सं0 D-6 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 1,49,483-00 | 500-00 | 3,000-00 | 14 दिन |
| 21. | उपविकास आयुक्त, हजारीबाग के आवासीय परिसर स्थित गोपनीय शाखा में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,38,400-00 | 1250-00 | 11,000-00 | 28 दिन |
| 22. | लातेहार स्थित एस०डी०एम० आवास के परिसर मे बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं सुरक्षा लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,45,157-00 | 750-00 | 7,000-00 | 21 दिन |
| 23. | लातेहार स्थित सदर एस०डी०एम० कार्यालय भवन के बाहरी विद्युतीकरण के विशेष मरम्मति का कार्य। | 1,61,026-00 | 500-00 | 4,000-00 | 14 दिन |
| 24. | सरायकेला स्थित जिला न्यायाधीश के आवास में बाहरी विद्युतीकरण के विशेष मरममति एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 5,42,320-00 | 1250-00 | 12,000-00 | 28 दिन |
| 25. | सरायकेला स्थित डी०सी० आवास के बाहरी विद्युतीकरण के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 4,76,012-00 | 750-00 | 10,000-00 | 21 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 329484 Energy(24-25).D

# पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का चतरा दौरा आज अभिनंदन सह संकल्प सभा में होंगे शामिल

## सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को एक दिवसीय चतरा दौरा पर पहुंचेंगे। भाजपा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह सह विजय संकल्प सभा में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा जिला के सीमा पर स्थित बलबल मंदिर के पास मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा का स्वागत किया जाएगा। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा चतरा पहुंचेंगे ।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के स्वागत के लिए जगह-जगह पर तोरण द्वार भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया ।कार्यक्रम का आयोजन दो शिफ्ट में किया गया है ।सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 तक चतरा विधानसभा के कार्यकताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रूबरू होंगे। उसके बाद 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सिमरिया विधानसभा के कार्यकताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा कार्यकताओं से रूबरू होंगे।

कार्यक्रम का आयोजन चतरा जिला मुख्यालय स्थित धमनिया के पास राइस मिल हाल में किया गया है। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, अक्षयवट पांडे, सागर साहू, अमित चौबे, अरविंद सिंह सहित अन्य थे।

# दोषियों पर पुलिस अविलंब करे कार्रवाई : रामधन यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित आश्रम रोड निवासी शम्भू सिंह के आवासीय परिसर में मृतक मनीष की हत्या के उद्भेदन को ले एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उमेश सिंह, मनोज सिंह पिंकू, भगीरथ पासवान, राजू यादव सहित कई लोग उपस्थित हुए। वहीं पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा आश्रम रोड शहर का एक शांतिप्रिय इलाका है। इस इलाके में दिन दहाड़े इस प्रकार से हत्या हो जाने से यहां रहने वाले लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं मनीष सिंह के परिवार वालों का कहना है कि पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है। हत्या के नौवें दिन तक प्रशासन के द्वारा आज तक कोई कार्यवाई नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में मृतक को न्याय दिलाने के लिए हमसब को सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा। वहीं रामधन यादव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल एसपी से भेंट कर इस मामले पर बात करेगा।

मौके पर अंकुर सिंह, अंकित सिंह, ओमकार पांडेय, मनोज सिंह, अरुण सिंह, कवि कुमार, गौरव सिंह, चरणजीत सिंह, अंशु सिंह, छोटू सिंह, अन्नू यादव, कुणाल कुमार ,राहुल कुमार, गौरव कुमार, रवि सिंह, सन्नी यादव, बिट्टू सिंह, मारुति खान, मनीष सिंह रिषु कुमार आदि मौजूद थे।

# आदर्श मध्य विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## अधिकतर अपराध नशा पान के बाद ही किए जाते हैं

युवाओं में बढ़ता नशा का सेवन एक गंभीर समस्या

शिक्षा का अधिकार, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल मजदूरी सहित कई कानूनों की दी गई जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एलएडीसीएस के अधिवक्ता, डिप्टी चीफ एलएडीसी किरण कुमारी एवं अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने बच्चे एवं बच्चियों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि आज कल लोग खासकर युवाओं में दारू, तंबाकू, बीडी, सिगरेट, गुटका, खैनी की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। विभिन्न प्रकार के नशे के बढ़ते उपयोग की वजह से युवा पीढ़ी खतरे में है। नशा का सेवन कर लोग केंसर, टीवी, दमा, हृदय की बीमारी, लीवर की बीमारी जैसे खतरनाक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका है। मगर देश की युवा पीढ़ी ही यदी गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उसका भविष्य अंधकार में चला जाता है। इसलिए लोगों को जागरुक होकर इसे रोकने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि नशा पान करने वाले परिवार की स्थिति अच्छी नहीं होती। आए दिन परिवारों में दंपति के बीच झगड़ा होते रहता है, जिसके कारण परिवार बिखर जाता है। परिवार को बचाने के लिए नशा से छुटकारा जरूरी है। वहीं नशा पान से सामाजिक, आर्थिक, मानसिक व शारीरिक हानि होती है। अधिकांश अपराध नशा पान के बाद ही किया जाता है। परिवार, समाज व देश को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए और इससे होने वाली हानियों को बताकर लोगों को, खास कर युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है। मौके पर शिक्षा का अधिकार, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल मजदूरी, गुड टच, बैड टच, डायन बिसाही, विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार तिवारी ने विषय प्रवेश करते हुए विभिन्न कानूनों पर प्रकाश डाला। खासकर उन्होंने बच्चों की शिक्षा व जागरुकता पर बल देते हुए कहा कि जब आप शिक्षित होंगे व जागरूक होंगे, तभी आप अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षिका अनुपमा पांडे ने किया।

# मॉडर्न किड्स पैराडाइज में बनाया गया ब्लू दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में मॉडर्न किड्स पैराडाइज के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए शुक्रवार को 'ब्लू दिवस' का आयोजन किया गया। जिसका थीम 'सेव वाटर' रहा। इस दिवस पर किड्स पैराडाइस के सभी बच्चों ने ब्लू कपड़े पहन काफी उत्साहित नजर आए। ब्लू दिवस के अवसर पर बच्चों को नीले रंग के वस्तुओं से अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग एवं संरक्षण से संबंधित काफी बातें बच्चों को बताई गई, जैसे हाथ धोकर नल खुले ना छोड़े, बिना उपयोग पानी ना बहाएं, जरूरतों के हिसाब से पानी का उपयोग करें, वाटर बोतल में अगर पानी बच जाए तो पेड़ पौधों में पानी डालें आदि।

इसके साथ ही बच्चों के बीच जल से संबंधित स्क्रैप बुक में गतिविधियां भी कराई गई। जिसमें कागज से नाव बनाकर उसे पानी पर चलना सिखाया गया, छाता लेकर बारिश में चलना सिखाया गया, नीले रंग के मुख्य वस्तुओं से परिचित कराया गया, जैसे नीली गेंद, नीले पानी के बोतल, नीला ग्रह, इतना ही नहीं बच्चों के क्लास रूम को भी नीले रंग से ही सजाया गया था। मौके पर विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने सभी नन्हे बच्चों को जल के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल हमारे साथ-साथ सभी प्राणियों एवं पेड़-पौधों के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि किस प्रकार हम जल का सही उपयोग एवं संरक्षण कर सकते हैं और भविष्य में हमें किस प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं उन्होंने बच्चों को आसपास के ब्लू चीजों के बारे में भी बताया।

वहीं विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा ने बच्चों को ब्लू दिवस की बधाइयां देते हुए कहा इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में सीखने की ललक उत्पन्न करती है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रंगो का ज्ञान होता है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जहां सभी समाज के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील किया की मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए। साथ ही कहा की आसामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जायेगी। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक प्रचार या विवादित पोस्ट करते हैं उनपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी। मौके पर बासुदेव यादव, उमा देवी, अनिता देवी, डूमरडीहा कन्हाई यादव, मो. अली, विजय सिंह, सिकंदर दास, मो. मुबारक, विजय यादव, सदानंद यादव, मो. रऊफ़, भगवान दास, कोडरमा थाना के एसआई नंदकिशोर तिवारी, एएसआई इसराज अहमद व थाना क्षेत्र के सभी अखाड़ा के लाइसेंस ाारी उपस्थित थे।

# छापेमारी में 420 ग्राम गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टैक्सी स्टैंड के समीप शुक्रवार को एक ठेलानुमा गुमटी में जिला प्रशासन के द्वारा छापामारी किया गया। छापेमारी में 420 ग्राम गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किए गए। युवक द्वारा ठेला के नीचे प्लास्टिक में छुपा कर गांजा रखा गया था, उक्त ठेला उमा प्रसाद का बताया जा रहा है। छापामारी देख डोमचांच बाजार में हड़कंप मच गया। इस छापामारी में डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, बीडीओ भोला पांडेय, तकनीकी सेल के कुणाल कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार, सिटू रविदास सहित पुलिस के जवान मौजूद थे। इस संबा में ठेला दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं पुलिस पूछ-ताछ की जा रही है। वहीं जिला प्रशासन की टीम युवक के घर पर भी छापामारी कर रही है।

# न्यायालय के आदेश पर सरकार ने किया जमीन का अधिग्रहण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** उपायुक्त के निर्देशानुसार सीओ अशोक कुमार भारती ने न्यायालय के फैसले का अनुपालन करते हुए प्रखंड के मौजा ढाब खाता नंबर 50, प्लौट नंबर 2606, 2483, थाना नंबर 318, कुल रकवा 7 एकड़ 90 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण किया और सरकार का बोर्ड लगाया जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर न्यायालय में एक लंबे समय से मुकदमा चल रहा था जिसमें प्रथम मोसमात कविता पति सोबरन यादव, ब्रहमदेव यादव, रामदेव यादव, रघु यादव, नीतिश यादव सभी के पिता सोबरन यादव, फुलकुमारी पति केदार यादव, रिंकी देवी पति संतोष यादव, अवंती देवी पति केदार यादव निवासी ढाब। वहीं दूसरे ओर जानकी महतो धनुखी महतो दोनों के पिता स्व. चितो महतो, मोसमात कलवा पति गिरारी महतो, अशोक कुमार पिता गिरधारी महतो, रेखा देवी पति अशोक कुमार, टुकन महतो पिता चितो महतो दोनों पक्षों के बीच वर्ष 2021 से विवाद चल रहा था। न्यायालय के फैसले में जमीन को गैरमजरूआ करार दिया गया। मौके पर सीओ अशोक कुमार भारती, राजस्व कर्मचारी राजू कुमार दास, सब इंस्पेक्टर मेघना दूबे, हवलदार रोश्याम पांडेय, दामोदर, उपेंद्र आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### शांति समिति की बैठक आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार मोहर्रम शांति, सौहार्द एवं भाईचारगी माहौल में मनाने को लेकर शनिवार को अपराह्न 4 बजे मरकच्चो थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई है। उक्त आशय की जानकारी मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने उक्त बैठक में दोनों समुदाय के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से आयोजित बैठक में पहुंचने की अपील की है।

### एक दिवसीय दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 15 को

**कोडरमा।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर कोडरमा कार्यालय के द्वारा 15 जुलाई 2024 को जेजे. कॉलेज परिसर झुमरीतिलैया में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक एक दिवसीय ''दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय कोडरमा में अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

### विक्षिप्त महिला के साथ हैवानियत की घटना

**सिमरिया।** सिमरिया चौक के कुट्टी डाड़ी मोड़ के आसपास एक विक्षिप्त महिला के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। वह कई महीनों से उसी जगह भटक रही है और अब कई महीने की गर्भवती है। यह पहली घटना नहीं है, पहले भी कई विक्षिप्त महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएँ हो चुकी हैं, यहाँ तक कि उन्हें मौत के घाट भी उतारा जा चुका है। यह घटना इंसानियत को तार-तार करने वाली है। आखिर कौन होगा उस नवजात शिशु का जिम्मेवार? ऐसी जघन्य घटनाएँ इंसान को झकझोर कर रख देती हैं। कहाँ गई इंसानियत, मानवता, धर्म और मजहब? क्या उस विक्षिप्त महिला के साथ हुए जघन्य अपराध का कोई जिम्मेवार होगा? क्या न्याय होगा? सबसे बड़ा सवाल यह है कि दोषी को कैसे पहचाना जाएगा?

### एनटीपीसी के अधीनस्थ कंपनी में कार्यरत कर्मी ने की आत्महत्या

**टंडवा(चतरा)।** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के पोकरी कला गांव निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद अफरोज आलम ने टंडवा थाना क्षेत्र के राहम गांव में किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शिवगौरी कंपनी में वेल्डर के रूप में कार्यरत था और पिछले दो महीनों से पत्नी और बच्चे के साथ राहम में रह रहा था। बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पहले पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। इसी से आहत होकर मोहम्मद अफरोज आलम ने फांसी लगाकर जान दे दी।

### जेएसएलपीएस कार्यालय में बिरसा फाउंडेशन सीड किया गया वितरण

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के जे एसएलपीएस कार्यालय में उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बिरसा फाउंडेशन सीड का वितरण किया गया जहां मड़ूवा का बीज, सोयाबीन बीज,18 लाभुकों के बीच वितरण किया गया। लाभूक में बगरा बसरिया और लोबगा के किसानों के बीच वितरण किया गया सोयाबीन और मड़ूवा का बीज को लगाने के बारे में भी विस्तार पूर्वक प्रखंड परियोजना पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार प्रजापति और लाइवलीहुड सीआरपी कंचन देवी एफटीसी रेणु देवी एफपीसी कार्यालय अकाउंटेंट जितेंद्र कुमार के द्वारा वितरण किया गया।

## एक नजर में

### डीजे के तेज आवाज से परेशान लोग, प्रशासन मौन

**चतरा।** शहर में लग्न के मौसम में डीजे की तेज आवाज से लोग परेशान हैं, लेकिन प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। डीजे की तेज आवाज से लोगों को बहरापन और दिल की बीमारियां हो रही हैं, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क पर बजने वाले डीजे की तेज आवाज से आसपास के घरों की खिड़कियां और दरवाजे तक हिल रहे हैं, जिससे कमजोर दिल के लोगों को भी परेशानी हो रही है। इसीलिए सरकार ने उच्च आवृत्ति में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन अभी भी इसका पालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि तेज आवाज से बीमार, बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी परेशान हो रहे हैं। डीजे संचालक अपनी डीजे को 20-25 किलोमीटर दूरी तक तेज आवाज में बजाते हुए जाते हैं, जिससे रास्ते में चलने वाले लोगों और सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। डीजे वालों को चाहिए कि वे जहां बुकिंग हो वहीं जाकर डीजे बजाएं और रास्ते में किसी को परेशान न करें।

### डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, राशन, भूमि विवाद, विद्युत, सड़क,, पेयजलापूर्ति, पेंशन, शिक्षा, भारत माला, सिंचाई, मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना, चापानल, गव्य विकास समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चतरा जिले के कानहाचट्टी प्रखण्ड के बकचुम्बा पंचायत के एक दिव्यांग महिला ने विद्यालय के मद से विद्यालय समीप एक चापानल लगाने हेतु आवेदन उपायुक्त को समर्पित किया। चापानल लगाने से आस पास एवं विद्यालयों के बच्चों को पेयजल की समस्या से निदान मिल सकेगा। इस संदर्भ में चापानल लगाने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कान्हाचट्टी को निर्देशि किया गया।

### शिक्षक संघ ने मंत्री बनने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर किया माल्यार्पण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखण्ड प्रदेश संस्कृत शिक्षक महासंघ एवं मदरसा शिक्षक संघ के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को संयुक्त रूप से झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के मंत्री बैद्यनाथ राम के आवास पर जाकर उन्हें मंत्री बनने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दिए। झारखण्ड राज्य में प्रस्वीकृति प्राप्त 36 संस्कृत विद्यालय एवं 46 मदरसा को बिहार के तर्ज पर वेतन मद में अनुदान देने की मांग की गई। बिहार राज्य प्रस्वीकृति नियमावली 1976 एवं मदरसा प्रस्वीकृति नियमावली 1980 के नियमावली में प्रावधान है कि प्रस्वीधति के बाद संस्थान में कार्यरत कर्मियों को राज्य सरकार वेतन मद में अनुदान देगी। वही मंत्री ने मांगों को पूरा करने हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया। वहीं प्रतिनिधि मंडल में मनु कुमार पाण्डेय, भागीरथ प्रसाद राम, मो मुस्तफा कासमी, अब्दुल वहाब, गुंजन कुमार, मो सेराज, मो शाबिर हुसैन, मो साजीदुल्लह, मो. फहीम मौजूद थे।

### भू-अर्जन पदाधिकारी ने अबुआ आवास का किया निरीक्षण

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटैया पंचायत में शुक्रवार को भू-अर्जन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो एवं बीडीओ सौरभ कुमार द्वारा अबुआ आवास का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान सभी लाभुकों को निर्देश दिया गया कि आवास के कार्य तेजी से करें। वहीं आवास निरीक्षण के बाद कम मतदान होने वाले बूथ नंबर 7 पोखरडीहा, बूथ नंबर 8, 9 कटैया में लोगों से मिलकर वहां के वोटरों को समझाया गया की वोटिंग की प्रतिशत को बढ़ाएं। वहीं बूथ निरीक्षण के बाद स्कॉलरशिप को लेकर बालिका उच्च विद्यालय सिंहास, प्राथमिक विद्यालय चांदडीह एवं राज्य संपोषित उच्च विद्यालय बासोडीह में सत्र 2023-24 प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक के छात्रों के स्कॉलरशिप को लेकर सुपर वेरीफिकेशन किया गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कपिलदेव यादव, पंचायत सेवक प्रसादी यादव, प्रखंड समन्वय प्रधानमंत्री आवास योजना मौजूद थे।

### सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में 149 यूनिट ब्लड उपलब्ध

**कोडरमा।** जिलेवासियों को ब्लड की कमी न हो इसके लिए सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने ब्लड बैंक में आवश्यकतानुसार ब्लड की सुनिश्चित्ता के लिए कार्यरत कर्मियों को निदेशित किया है कि सदर अस्पताल में ब्लड की कमी न हो, इसके लिए समय समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाकर ज्यादा से ज्यादा ब्लड संग्रह कर स्टॉक में रखें। वहीं उन्होंने जिलेवासियों से ब्लड डोनेट करने की अपील की है। वहीं उन्होंने कहा सदर अस्पताल में गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों एवं बिरहोर परिवार को फ्री में ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। ब्लड बैंक में शुक्रवार तक अलग-अलग ग्रुप के कुल 149 यूनिट ब्लड उपलब्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में बी पॉजीटिव का 42 यूनिट, ए निगेटिव का 4 यूनिट, एबी पॉजिटिव 8 यूनिट, ए पॉजीटिव का 29 यूनिट और ओ-पॉजीटिव का 66 यूनिट ब्लड उपलब है। इसकी जानकारी लैब टेक्निशियन मो. जफर इक्बाल ने दी।

### विधवा महिला सबिता देवी को नहीं मिल रहा आवास,टूटे खपरैल मकान में रहने को विवश

**सिमरिया।** चतरा जिले के जबड़ा पंचायत के सीरिया टांड़ की निवासी विधवा महिला सबिता देवी अपने तीन छोटे बच्चों के साथ एक जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। कई बार मुखिया और प्रखंड कार्यालय में गुहार लगाने के बाद भी उसे आवास नहीं मिला है। उसकी कच्ची मकान की दीवारें फट चुकी हैं और लकड़ियाँ सड़कर टूट रही हैं।?हल्की बारिश में ही घर के अंदर जलजमाव हो जाता है और आसमान की रोशनी टूटी लकड़ियों और खपरैल से घर के अंदर आती है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीबों और विधवा महिलाओं के लिए आवास योजनाएँ चलाई जा रही हैं, लेकिन सबिता देवी को अभी तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है। सिमरिया प्रमुख रोहन साव का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में सक्षम लोगों को आवास मिल गया है, जबकि गरीब विधवा को आवास नहीं मिल पाया है। यदि सबिता देवी को जल्द ही आवास नहीं मिला तो उसके साथ कोई दुर्घटना हो सकती है। वह अपने बच्चों के साथ उसी जर्जर मकान में रह रही है और पानी से बचने के लिए ऊपर से प्लास्टिक बिछा रखा है, जो अब नष्ट हो चुका है। सबिता देवी सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी और उपायुक्त चतरा से आवास की आस लगाए बैठी है।

### कुआं में डूबने से महिला की मौत

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत के एक कुएं में डूबने से 61 वर्षीय धनिया देवी की दुखद मौत हो गई। सुबह लगभग 5 बजे, वह अपने घर से शौचालय जाने के लिए निकली और पानी भरने के दौरान कुएं में गिर गई। कुआं एकांत जगह पर था, इसलिए किसी ने उसे डूबते नहीं देखा ।काफी देर बाद, कुछ बच्चों ने उसे देखा और गांव में हंगामा मच गया। ग्रामीणों ने दौड़कर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### जेएसएलपीएस कर्मियों के साथ बीपीएम की समीक्षा बैठक

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएमएमयू कार्यालय में जेएसएलपीएस के कर्मियों के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में महीने भर के कार्यों की जानकारी ली गई और कई निर्देश भी दिए गए ।आईपीआर को सख्त निर्देश दिया गया कि प्रखंड में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का दोनों क्लस्टर में एक समूह जल्द से जल्द इसी माह में बनाकर विभाग को रिपोर्ट दी जाए ।सीएलएफ में 100% सदस्यता शुल्क जमा करवाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में एफटीसी अनिल प्रजापति, अकाउंटेड अमरजीत सिन्हा, आइपीआर पी अजय कुमार, सुनीता देवी, सीसी सुनील पासवान, सरदार जितेंद्र सिंह, रंजीत यादव, सुमित्रा देवी, निशांत कुमार अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मोहम्मदगंज की नेहा ने सीए की परीक्षा में सफल होकर परिवार का बढ़ाया मान



मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज स्टेशन रोड के स्व इंद्रदेव सिंह की परपौत्री ज्योति कुमारी (नेहा) ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन की है। ज्योति की छोटी बहन वर्तमान में रिम्स रांची में एम बी बी एस के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है। उसका भाई पुणे से एम बी ए कर तैयारी में लगा है। ज्योति अपने माता पिता के साथ जमशेदपुर में ही रहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अभय सिंह,माता विभा सिंह के प्रेरणा व अपने दादा कृष्णबिहारी सिंह सहित अपने परिजनों के आशीर्वाद को बताती है। ज्योति कुमारी ने कहा कि वह अपनी प्रारंभिक शिक्षा जमशेदपुर से की है। दसवीं और बारहवीं स्कूल ऑफ एक्सेलेंस जमशेदपुर से करने के बाद कोलकाता विवि के सेठ आनंद राम जयपुरिया कॉलेज से बीकॉम स्नातक (अकाउंट व फाइनेंस) की परीक्षा पास की। स्नातक करने के दौरान ही सीए की तैयारी में लग गई थी। उसने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की है। उसका शुरू से ही सीए परीक्षा पास करने का सपना था। उसने बताया कि सीए बनने के लिए हार्ड वर्क बहुत जरूरी है। हर दिन के बेसिस पर अपना टारगेट सेट करना चाहिए किहमने जो अपना लक्ष्य तय किया है, वह अचीव कर पा रहे है कि नहीं। वह अपने कुछ वर्षो तक प्राइवेट फर्म में नौकरी और प्रैक्टिस करेगी। इसके बाद अपना सीए फर्म खोलेगी।

### मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में की गयी शांति समिति की बैठक



पाटन पलामू। थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समीति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन थाना के इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह तथा संचालन पाटन थाना प्रभारी लालजी ने किया। बैठक में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे। बैठक में मुहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाने के पर सहमति बनी। पाटन इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान अशांति नहीं फैलायेंगे नहीं तो उनपर कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने लोगों से शांति से पर्व मनाने की अपील की। मौके पर पाटन थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी कोई पर्व के दौरान दिक्कत है तो बतायें उसका निदान निकाला जायेगा। बैठक में सहदेवा तजेया कमीटी के लोगों ने जुलूस के रास्ते में आनेवाले पेड़ का डाली काटने का मांग किया कहा कि ताजिया निकालने में परेशानी नहीं हो। बैठक में जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पुर्व मुखिया राकेश दुबे, रजहारा मुखिया अजय पासवान, सेमरी मुखिया प्रतिनिधि शीव साव, केलहार मुखिया जैनुल सिद्दीकी, रहमतुल्लाह अंसारी, मुस्ताक अंसारी, बरवाडीह मुखिया जयशंकर प्रसाद, शोले मुखिया प्रतिनिधि बिपिन पासवान, मो रवानी अंसारी, शमीम अहमद, एएसआई मनोज कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सुठा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रुस्तम अंसारी, नावा खास मुखिया मनोज कुमार, सतौवा मुखिया अखिलेश पासवान, समाजसेवी लुलू अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सोशल मीडिया पर रहेगी नजर : एसडीओ



हुसैनाबाद पलामू। मुहर्रम पर्व को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से की व संचालन हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आर एस पटेल ने किया। बैठक में एसडीएम और एसडीपीओ, एलआरडीसी, गोरांग महतो अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार थाना प्रभारी ने मुहर्रम लाइसेंसधारियों से जुलूस निकालने वाली जगहों का जानकारी लिया। एसडीएम ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है, किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने जुलूस रूट से जुलूस निकालने की बात कही। मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मानने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर रहेगी। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशी कुमार, महिला थाना प्रभारी पार्वती देवी, एसआई, एम मन्नान, बीरेंद्र मेहता, नगर प्रबंधक राकेश सिंह, शान्ति समिति के एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, अब्बास कादरी, सैयद हसनैन जैदी, बाबर खान, डॉ एजाज आलम, शमीम कुरैशी, चंद्रेश्वर प्रसाद, अजय गुप्ता, पप्पू कांस्यकार, आलोक सिन्हा, शिवपूजन प्रसाद, जज्जू खान समेत कई लोग मौजूद थे।

### जुलूस में असामाजिक तत्वों पर लोग रखे नजर : नितेश भास्कर



चैनपुर पलामु। चैनपुर थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक चैनपुर बीडीओ नितेश भास्कर की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने किया। इस दौरान हिंदू मुस्लिम समुदाय के कई लोग शामिल थे। बैठक में बीडीओ भाष्कर ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान असामाजिक तत्वो पर नजर रखने की जरूरत है ताकि त्यौहार का वातावरण खराब ना हो। उन्होंने कहा कि जो रूट निर्धारित पहले से है उसी के अनुरूप जुलूस निकालना चाहिए और अफवाहों पर ध्यान नही दे। प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम में हिंदू मुस्लिम एकता को ध्यान में रखते हुए सौहार्द वातावरण से पर्व को मनाएंगे सोशल मीडिया पर नजर रखेंगे। बैठक में बोड़ी, चांदो, चैनपुर, शाहपुर, कंकारी, सलतुआ समेत कई जगह के लोग शामिल हुए। मौके पर मुखिया अरविंद तिवारी, प्रमुख पति ध्रुव प्रसाद गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार चन्द्रवंशी, फेजायल अहमद, मुखिया विकास चौरसिया, इंस्पेक्टर जीतराम महथी, एस आई शहंशाह, सलामुद्दीन खान, सीताराम चौधरी, चंदेश्वर प्रसाद, रुस्तम कबाडी, मुस्लिम अंसारी, कलाम अंसारी, अहमद देहाती, जमालुद्दीन खलीफा समेत काफी लोग शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने किया पौधरोपण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर मौर्या फार्म हाउस परिसर में शुक्रवार को पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशी भूषण मेहता ने पौधरोपण की पौधारोपण की शुरूआत उन्होंने पूजा अर्चना कर पीपल का पौधा लगाकर की। मौके पर उन्होंने कहा कि पीपल नीम और बरगद जैसे पौधे जितने अधिक लगाएंगे पर्यावरण उतना अधिक शुद्ध होगा। अधिक आक्सीजन देने वाले वृक्ष में पीपल जाना जाता है साथी बरगद पीपल एवं नीम के वृक्ष का धार्मिक महत्व भी है। कहां की लगातार हो रहे पेड़ की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है इसलिए पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर सभी लोगों को अपने नाम का एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसे पौधे को बड़ा होने तक देखभाल भी करना चाहिए। विधायक ने कहा कि अटल स्मृति भवन परिसर के पास की एक पार्क बनाया जाएगा जिसमें विभिन्न तरह के पौधे फूल बच्चों के खेलने के लिए झूला आदि से सुभोभित होगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का अपील किया मौके पर उपस्थित जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, निजी सहायक सरोज चटर्जी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, संजय सोनी, मनोज सोनी, उमेश सोनी, संतोष वर्मा, डॉ वीरेंद्र बौद्ध, उपेंद्र राम, अरविंद राम, अनेकों लोग उपस्थित थे।

## सतबरवा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का शुक्रवार को गढ़वा आगमन के दौरान सतबरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां ने नेता प्रतिपक्ष बाउरी के साथ पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता तथा मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अमर बाउरी ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता झामुमो गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि झारखंड के 14 में 9 लोकसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। कार्यकर्ताओं के हौसलों को हम सम्मान करते हैं, जिन्होंने चुनाव के दौरान 48 डिग्री की रिकॉर्ड गर्मी की चिंता किए बगैर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने बड़े-बड़े मंत्रियों की शेखी उतार दी, ऐसे कार्यकर्ताओं का नागरिक अभिनंदन करना मेरी तथा भाजपा के प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, बबन पासवान, मंदीप कुमार, आशीष सिन्हा, अजीत सिंह, महेश यादव, अशोक यादव, राजेन्द्र सिंह, वकील सिंह, शंभू मेहता, सोनु सिकंदर समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रखंड मुहर्रम इंतजामिया कमिटी का हुआ गठन, शमशेर आलम बने सदर

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप अंतर्गत निमीटांडी गांव में मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में दर्जन भर गांव के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हाजी समसूदीन अंसारी और संचालन सिराजुदीन अंसारी ने किया। बैठक में मुहर्रम जुलूस के सफल संचालन हेतु मुहर्रम इंतजामिया कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से समाजसेवी शमशेर आलम को कमेटी का सदर चुना गया। वहीं महमूद अंसारी को सेक्रेटरी, फिरोज आलम को खजांची, डॉ इलाहक अंसारी को नायब सदर और अब्दुल जलार अंसारी को नायब सेक्रेटरी बनाया गया। जबकि हाजी रियाजुदिन कादरी, राजद नगर अध्यक्ष सिराजूदीन, मजामुदीन अंसारी, नासिर अंसारी, मिन्हाज अंसारी व ज्यारत अंसारी को कमेटी का सरपरस्त चुना गया। नवनिर्वाचित सदर शमशेर आलम ने कहा कि इस बार मुहर्रम का भव्य जुलूस निकाला जायेगा जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने जुलूस शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकालने का संकल्प भी दोहराया। बैठक में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी, उस्मान अंसारी, मोजिब अंसारी, अनीस अंसारी, अकरम अंसारी, हाजी रेयाज अंसारी, गयासुदीन अंसारी, कसमुदीन अंसारी, नसरूदीन हसन अंसारी, सलीम अंसारी, मजमुदिन अंसारी, इमाम अली अंसारी, जावेद अख्तर, फिरोज अंसारी, महमूद अंसारी, नेजाम अंसारी, हाफिज सलीमुदीन, हुसैन अंसारी, इकबाल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीसी के निर्देश पर डीडीसी पहुंचे कल्याण कार्यालय, योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में आवेदन कम आना चिंता का विषय

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद जिला कल्याण कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 अंतर्गत अबतक मात्र 537 ही आवेदन प्राप्त हुए है यह चिंता का विषय है। उन्होंने कल्याण पदाधिकारी से ऑनलाइन रूप से आवेदन कम क्यों आ रहें हैं इससे संबंधित प्रत्येक बिंदु पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवा आवेदन कर पायें इसे लेकर जिले के सभी 21 प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑन स्पॉट एंट्री किया जायेगा। विदित हो कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने हेतु सरकार के तरफ से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस संबंध में उपायुक्त रंजन ने जिले के युवाओं से शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18,19 व 20 जुलाई को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शिविर लगाया जाएगा।

**इन दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी**

प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड,पैन कार्ड, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे ताकि ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वे वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ आयें।

## पिकअप वैन और बाइक में जोरदार टक्कर, दो बच्चे सहित चार घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के बरवाडीह एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार पिकप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार एक महिला, दो बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला के डंडई क्षेत्र के जरही गांव निवासी रवींद्र पासवान अपनी पत्नी मीरा देवी, बेटी अनामिका कुमारी और बेटा मयंक कुमार को मोटरसाइकल पर बैठाकर पांडू रिश्तेदार के यहां जा रहे थे इसी बीच रेहला पांडू मुख्यपथ पर बरवाडीह गांव के पास विपरित दिशा से तेज रफ्तार आ रही एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकल पर बैठा सात वर्षीय मयंक उछलकर पिकअप वैन के डाला में चला गया। घटना के बाद चालक पिकअप वैन को लेकर फरार हो गया। बाद में मयंक का चाचा उसे इलाज हेतु अस्पताल ले गया। अन्य घायलों को लोगों ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सभी को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## लेस्लीगंज : वज्रपात से महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**निलांबर पितांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गांव के किसान शांति देवी पिता अर्जुन यादव उम्र लगभग 55 वर्ष की मौत शुक्रवार को वज्रपात से हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि शांति देवी एक महिला के साथ घर से 500 मीटर की दूरी पर भैंस चरा रही थी अचानक वज्रपात गिरने से उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। शांति देवी शादी के बाद से ही मायके में ही जीवन यापन करती थी उसका बेटा इसी वर्ष आर्मी में भर्ती हुआ है। घटना का सूचना बेटे को दे दिया गया है। उसकी मौत से परिवार वालों पर दुख का पहाड़ टूट गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के जानकारी परीजनों के द्वारा मिली है पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएम सीएच भेज दिया गया है। इस घटना पर पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह और बिट्टू सिंह, मुखिया अरविंद शुक्ला, समाजसेवी दीपक गिरी सुशील तिवारी सहित कई लोगों पहुंचकर दुख व्यक्त किया है तथा परिजनों को संतावना दिया है।

### पाटन प्रखंड में 358 चापानल व 41 जलमीनार खराब



पाटन पलामू। प्रखंड कार्यालय के द्वारा पीएचडी विभाग को पाटन प्रखंड में खराब पड़े 358 चापानल एवं 41 जलमीनार कि सुचि तैयार कर भेजा गया था लेकिन आज तक पीएचडी विभाग के द्वारा खराब पड़े चापानल एवं जलमीनार को ठीक नहीं किया गया है। पीएचडी विभाग के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पाटन प्रखंड में खराब पड़े चापानल एवं जलमीनार की सुचि मांगी थी जिसके आलोक में पाटन प्रखंड कार्यालय के द्वारा पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में जांच कर सुचि पीएचडी विभाग को दिया था तथा अविलंब विभाग से ठीक करने का मांग किया था। लेकिन पीएचडी विभाग के द्वारा केवल सुचि ही लिया गया उस पर कोई पहल नहीं किया गया। पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पानी घोर किल्लत का सामना लोग कर रहे हैं। कहीं कहीं एक भी चापानल नहीं है। वहीं जलमीनार भी खराब पड़े हैं जिससे लोग दो किलोमीटर से पानी लाकर पी रहे हैं। इस वर्ष अभी तक संतोष जनक वर्षा भी नहीं हुआ है जिससे पानी का जल स्तर चापानल एवं कुआं में आया नहीं है। पाटन के सुदुरवर्ती इलाके में पानी का घोर संकट है। पीएचइडी विभाग के इस उदासीनता से पाटन के लोगों में खासा नाराजगी है। लोगों ने पीएचइडी विभाग से खराब पड़े चापानल एवं जलमीनार को अविलंब ठीक करने की मांग की है ताकि पेयजल संकट से निपटा जा सके।

### बारिश में पाटन से नावा जयपुर रोड तालाब में तब्दील



पाटन पलामू। हल्की बारिश में ही पाटन से नावा जयपुर रोड तालाब के शक्ल में तब्दील हो गई। इस पथ से लोगों को आना जाना मुश्किल हो गया है। पाटन से नावा जयपुर मुख्य सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। बारिश होने से इस पथ में पानी जमा हो जाता है। कई लोग सड़क पर गिर गये हैं। सड़क मरम्मति के लिए कई बार लोगों ने जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन सड़क की मरम्मति नहीं करायी गयी। पाटन से नावा जयपुर की दुरी 15 किलोमीटर है लेकिन दुरी तय करने पर घंटों समय लगता है।

## तमिलनाडु में बसपा नेता की हत्या के विरोध में हुसैनाबाद में निकाला गया कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** बीते 5 जुलाई को तमिलनाडु राज्य में बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्री के आर्मस्ट्रांग की निर्मम हत्या के विरोध में देश में बसपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश हैं। वही पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद में कैंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा निकाली। कार्यक्रम से पूर्व अनुमण्डल पदाधिकारी के मध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र दिया गया, जिसमें श्री के आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई जांच कराने, हत्यारो को फांसी देने, श्री के आर्मस्ट्रांग के परिवार को सुरक्षा देने, पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता एवं पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति पर हो रहे अत्याचार को रोक लगाने जैसी मांग शामिल हैं। कैंडल मार्च शहर के जेपी चौक से मुख्य बाजार अम्बेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। मौके पर अजय भारती ने कहा श्री के आर्मस्ट्रांग गरीबो दलितों के अवाज थे। मौके पर पुनीत अमेडकर, नुरुलखान, रामनारायण राम, प्रमोद राम, मोती कुमार, दादान भरती, राजा ब्रादरी, चंदन कुमार, प्रव कुमार सुमन, द्वारिका पासवान, राजू रजवार, रविन्द्र बैठा, मुकेश रवी, अवधेश राम, सुनील राम संजीत मेहता, परशुराम प्रजापति शामिल थे।

## देवरी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक इतिहास कायम रखने की जरूरत : प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को देवरी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बब्लू कुमार ने की जबकि संचालन एएसआई प्रवीन बिलुंग ने किया।

बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति पूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर ओपी प्रभारी ने कहा कि देवरी ओपी क्षेत्र के दोनों संप्रदाय के लोगों के द्वारा जो आपसी भाईचारा और सहयोग के साथ सभी पर्वो का मनाने का इतिहास रहा है उसे कायम रखने की जररूत है। पर्व के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

मौके पर देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती, बड़ेपुर पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव, देवरी मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष आरजू खान, संरक्षक इरफान आजाद, निजाम खान, यासीन अंसारी, सिराजुद्दीन, मो असलम अंसारी, समेत कई लोग मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में पुस्तक का वितरण



पाटन पलामू। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में वर्ग एक से आठ वर्ग के 180 छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। पुस्तक का वितरण प्रबंध समिति के अध्यक्ष रीमा देवी, वार्ड सदस्य सोनी देवी, संयोजिका कांति देवी, सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। हरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण सरकार द्वारा किया जाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे छात्रों को पढ़ने में सहायता मिलेगी। इससे बच्चों को विद्यालय से लगाव भी बढ़ेगी तथा बच्चे नियमित स्कुल आयेंगे। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। पुस्तक पाकर बच्चों में खुशी देखी गई।

## ग्रासिम सीएसआर के द्वारा लगाया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

### पशुओं में होने वाली बीमारियों की पहचान और रोकथाम के लिये पशुपालकों को किया गया प्रशिक्षित

**नि :शुल्क एचबीएसओ टीकाकरण का भी किया गया शुरूआत**





खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा पशुधन विकास योजना के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विशुनपुर सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में पशुओं में होने वाली बीमारियां की पहचान और उसके रोकथाम हेतु पशुपालकों को प्रशिक्षित किया गया। गढ़वा कृषि विज्ञान केंद्र के पशु चिकित्सक सह प्रशिक्षक डॉ सुषमा बाखला ने कहा कि पशुपालकों के लिए पशु एक ऐसा साधन है चाहे वह गाय हो, बैल हो बकरी हो मुर्गी हो जिसे हम कभी भी बेचकर तुरंत धन की प्राप्ति कर सकते हैं इसलिए पशुओं को पशुधन भी कहा जाता है। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी एवं अन्य बीमारियों जैसे खुरहा चपका, गलघोंटू, लंगड़ी बुखार, सर्रा, थनैला जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के कारण, लक्षण, इलाज एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के बारे में भी बताया। शिविर में बीमारियों के अलावा पशुओं को स्वस्थ रखने हेतु जरूरी संतुलित आहार,कम खर्च में हरे चारे जैसे एजोला, नेपियर आदि की खेती के बारे में भी पशुपालकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ सुषमा ने पशुपालकों के पशुओं से सम्बन्धित समस्याओं एवं उनके प्रश्नों का निराकरण भी किया। ग्रासिम सी एस आर के द्वारा पशुपालकों को आसपास के सभी गांवों के पशुओं हेतु शुरू किया जा रहे बृहत निःशुल्क एचएसबीओ टीकाकरण एवं उपचार अभियान की शुरूआत भी आज से कर दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 26 महिलाओं सहित कुल 74 पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सी एस आर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम के सफलता में जन सेवा ट्रस्ट के नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, भोला सिंह, श्रीकांत सिंह, बीरेंद्र सिंह, आफताब अंसारी, मो कैफ, मारुति त्रिपाठी का अहम योगदान रहा।

## स्तरोन्नत उवि करकट्टा के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता



साइकिल वितरण करते बीडीओ,बीइइओ व अन्य ।

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा के 82 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ आशा साहु, बीईईओ महेन्द्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ आशा साहु ने कहा कि साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में अब काफी सहुलियत होगी। इसके अलावा ग्रामीण इलाके के छात्र छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। महेंद्र प्रजापति ने सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम की जानकारी दी। साइकिल मिलते ही स्कूली छात्र छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, बीपीओ रोहित कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक संजय सिंह, बीआरपी नीरज चौबे, मनोहर कुमार, अंचल सहायक भोला राम मौजूद थे।

# भुइयांडीह के इलाके में जेपीएलई के तहत 150 घरों को तोड़ने का नोटिस, हड़कंप

## विधायक सरयू राय पहुंचे बस्ती, लोगों को किया आश्वस्त, नहीं टूटने देंगे घर

खबर मन्त्र ब्यूरो


बस्ती भ्रमण करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को भुईंयाडीह इलाका के कल्याण नगर, इंदरा नगर एवं छायानगर सहित उन अन्य इलाकों का सघन दौरा किया, जहां के निवासियों को झारखंड पब्लिक लैंड इंक्रोचमेंट एक्ट यानी जेपीएलई के तहत जमशेदपुर के अंचलाधिकारी का नोटिस मिला है। गत छह जुलाई को जारी नोटिस में इन क्षेत्रों के निवासियों को 14 दिनों का समय दिया गया है और आगामी 20 जुलाई तक अपना स्पष्टीकरण देने का समय दिया गया है कि क्यों नहीं उनके घरों को तोड़ दिया जाए। यह सामूहिक नोटिस करीब 150 घरों के निवासियों को मिला है। घर टूटने की आशंका से सभी भयभीत हैं। विधायक ने खबर मन्त्र से कहा, मैंने आश्वस्त किया कि वे बस्तीवासियों के घरों को टूटने नहीं देंगे और यह मामला सरकार के सक्षम प्राधिकार के समक्ष उठाएंगे। इन सभी इलाकों के निवासी आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के हैं और अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा-पैसा जोड़कर उन्होंने अपना आवास बनाया है। जिन्हें नोटिस मिला है, उस इलाके के लोग जमशेदपुर की तथाकथित उन 86 बस्तियों के निवासी हैं, जिन्हें 2005 में टाटा लीज समझौता के अंतर्गत लीज क्षेत्र से बाहर किया गया है। इनमें से कुछ आवास सरकारी भूखंड पर भी बने हैं। जमशेदपुर की तथाकथित 86 बस्तियों का मामला सरकार के एक नीतिगत निर्णय से आच्छादित है। यह नीतिगत निर्णय उन्हें अधिकार देता है कि वे अपने घरों का लीज सरकार से ले सकते हैं। मैं विगत चार वर्षों से प्रयासरत हूं कि इन इन क्षेत्रों के निवासियों को अपने आवासों का मालिकाना हक मिले परंतु विगत सरकार के एक गलत निर्णय के कारण बस्तियों के मालिकाना हक पर वर्तमान सरकार भी निर्णय नहीं ले पा रही है। पिछली सरकार ने वर्ष 2017 में यह निर्णय लिया था कि ऐसी बस्तियों के निवासियों को 10 डिसमिल आवासीय क्षेत्र पर सरकार लीज देगी। यह निर्णय बस्तियों को मालिकाना हक मिलने में सबसे बड़ा बाधक है। मैंने इसे बदलवाने के लिए विगत विधानसभा में 4 बार से अधिक प्रश्न और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सरकार के सामने रखा है। सरयू राय ने बताया कि भुईंयाडीह क्षेत्र के बस्तीवासियों की इस समस्या के बारे में मैंने आज जिला प्रशासन के सक्षम पदाधिकारियों से बातचीत किया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एनजीटी के आदेशानुसार जल संसाधन विभाग, मानगो नगर निगम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति और जिला प्रशासन का एक संयुक्त सर्वेक्षण हुआ है जिनमें करीब 150 घरों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस दिया गया है। इन्हें 20 जुलाई तक नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है। मैंने इन अधिकारियों से कहा कि बस्तीवासियों को दी गई नोटिस में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है। मैं ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रासंगिक निर्णय का अध्ययन करूंगा।

### बस्तियां जब अवैध रूप से बस रही थीं तब सरकार ने क्यों नहीं रोका!

सरयू राय ने आगे कहा कि मैं सरकार और जिला प्रशासन के सामने यह विषय रखना चाहता हूं कि जिस समय ये बस्तियां बस रही थीं, उस समय यहां के निवासियों को क्यों नहीं रोका गया और उन्हें वस्तुस्थिति की जानकारी क्यों नहीं दी गई। इन बस्तियों में टाटा स्टील की एक इकाई जुस्को ने पानी और बिजली दिया है, जमशेदपुर अक्षेस ने विधायक मद, सांसद मद एवं जिला योजना मद से इन इलाकों में सड़कों का निर्माण किया है। एक सामुदायिक शौचालय भी नदी किनारे जमशेदपुर अक्षेस द्वारा जिला योजना से निर्मित किया गया है। वस्तुतः बस्तीवासियों ने मकान बनाने के लिए भूखंड किसी न किसी से खरीदा है। यह खरीद प्रशासन और नगरपालिका की जानकारी के बगैर नहीं हुई। वहां नागरिक सुविधाएं देते समय और विकास कार्य करते समय भी प्रशासन की जानकारी में सारे काम हुए हैं। सरकार के अधिवक्ता ने ये सारे तथ्य एनजीटी के सामने रखा हैं या नहीं, इसकी जानकारी होनी चाहिए। केवल गरीब और सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से कमजोर बस्तीवासियों को ही निशाना बनाना उचित नहीं होगा। मैं यह विषय इसी माह के अंत में होने वाला विधानसभा सत्र में भी उठाऊंगा और कहूंगा कि नदी के संरक्षण और नदी किनारे की बसाहट में एक संतुलन कायम होना चाहिए। केवल गरीबों के घरों को तोड़ना, उन्हें उजाड़ना कत्तई न्यायसंगत नहीं है। सरकार को चाहिए कि ये सारी बातें एनजीटी के सामने रखे और प्रासंगिक कार्य से संशोधन कराए ताकि गरीब-गुरबा को उजड़ने से बचाया जा सके।

## स्पीड न्यूज

### रतिलाल महतो का शहादत दिवस आज चंपई सोरेन भाग लेंगे

**गम्हरिया।** प्रसिद्ध मजदूर नेता शहीद रतिलाल महतो के 25 वें शहादत दिवस पर शनिवार, 13 जुलाई को गम्हरिया स्थित ऊपरबेड़ा स्कूल मैदान में श्रद्धांजलि सभा सह भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। वीर शहीद रतिलाल महतो स्मृति रक्षा समिति की ओर से आयोजित इस सभा मे मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के अलावा कई वरिष्ठ झामुमो नेता शिरकत करेंगे। उपरोक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने दी है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना अंतर्गत एनएच 33 पर डिमना चौक के पास शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम के शव गृह में रखवा दिया है। इधर, पुलिस मृतक की पहचान में जुट गई है। मृतक की उम्र 30-35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आस-पास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी लेनी चाही पर सभी ने उसे पहचानने से इंकार कर दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटना सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### गम्हरिया : नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ चला अभियान



**गम्हरिया।** गम्हरिया-कांड्रा मेन रोड में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को नो पार्किंग जोन में खड़ी वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग कंपनी में माल लेकर आए 11 गाड़ियों से गलत साइड में पार्किंग किए जाने के एवज में 5500 रुपये दंड की वसूली की। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को दोबारा गलत साइड में वाहन पार्क किए जाने पर वरीय अधिकारियों की इसकी जानकारी देते हुए सख्त कार्रवाई किए जाने की हिदायत दी। यातायात प्रभारी ने बताया कि वाहन को सड़कों पर गलत तरीके से खड़ा कर दिए जाने से अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई वाहन चालकों समेत कंपनी प्रबंधन को गलत साइड में वाहनों को खड़ा नही करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद उनके द्वारा वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। लोगो द्वारा इस बावत कई बार शिकायते की गई है। उन शिकायतों के मद्देनजर शुक्रवार को अभियान चलाकर ऐसे वाहनों से जुमार्ना की वसूली की गई।

### निखिल एकेडमी के छात्रों का कास्ट अकाउंटेंट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



जमशेदपुर। द इंस्टीच्युट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी किये गये फाउंडेशन परीक्षा के परिणाम में एनएसी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। हर साल की तरह इस साल भी छात्रों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा में पास होने वाले छात्रों में सुमित, अनिस, फैजल, राहुल, रीति, उषा, दीपांशु, साम्भवी, संजना, लक्ष्मी, मलाइका, मौसमी, श्रुती, लक्ष्मी एवं सुमन शामिल हैं। एनएसी के शिक्षक निखिल कुमार एवं मनप्रीत भाटिया ने बताया कि इस वर्ष परिणाम बहुत अच्छा हुआ है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक एवं अपनी मेहनत को दिया। एनएसी के डायरेक्टर निखिल कुमार एक सफल कास्ट अकाउटेंट हैं जिन्होंने भारत वर्ष में 32वां स्थान प्राप्त किया था।

### शपत पत्र

मैं, रेणु यादव, पत्नी श्री नवल किशोर यादव, वर्तमान निवासी फ्लैट नंबर ए-2/5, साईं कल्पना सोसाइटी, धीरजगंज, पी.ओ. गम्हरिया, पी.एस.- आदित्यपुर, जिला- सरायकेला खरसावां, झारखंड, झारखंड सरकार शपथ पत्र एसआर. क्रमांक- 315 (जीआरएन क्रमांक- 2402744095) दिनांक 02-07-2024 के माध्यम से घोषणा करती हूं, कि शादी से पहले मैं रेणु कुमारी के नाम से जानी जाती थी और शादी के बाद ससुराल वालों से मुझे रेणु यादव नाम मिला। कि रेणु कुमारी और रेणु यादव एक ही व्यक्ति हैं, यानी कि मैं और कोई दूसरा नही।

# कुख्यात कार्तिक मुंडा पुलिस से भागने के क्रम में चौथी मंजिल से गिरा, मौत

## दो दर्जन से अधिक मामलों में थी कार्तिक मुंडा की तलाश

खबर मन्त्र ब्यूरो


टीएमएच में शोकाकुल परिजन।


टीएमएच में कार्तिक का शव।


इसी बिल्डिंग से कूदा था कार्तिक।

**जमशेदपुर।** सरायकेला और जमशेदपुर जिले का आतंक कुख्यात अपराधी कार्तिक मुंडा की आज मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक कार्तिक मुंडा के जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत बाल विहार ग्रीन मित्तल अपार्टमेंट में होने की सूचना पर आदित्यपुर पुलिस और सोनारी पुलिस संयुक्त रूप से छापेमारी करने गई आदित्यपुर पुलिस को देख कार्तिक मुंडा ने चौथे माले से छलांग लगा दी जिसके बाद आनन- फानन में घायल अपराधी कार्तिक मुंडा को टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को कार्तिक के सोनारी के ग्रीन मित्तल अपार्टमेंट में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सरायकेला पुलिस की एक टीम सोनारी बाल बिहार कुंजनगर ग्रीन मित्तल अपार्टमेंट पहुंची, मगर पुलिस को देखते ही कार्तिक मुंडा ने चौथे माले से छलांग लगा दी। बता दें कि कार्तिक बीते करीब डेढ़ दशक से जमशेदपुर व सरायकेला पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। लगभग हर घटनाओं में कार्तिक की संलिप्तता होने के बाद भी पुलिस के लिए वह अबूझ पहेली बना हुआ था। अपराधी कि पत्नी ने कहा है कि पुलिस को देख कर वह चौथे मेले के बालकोनी से दूसरे माले कि बालकोनी में कूदने का प्रयास किया जिसके बाद वह नीचे गिर गया और घायल हो गया।

### जमशेदपुर में 12 मामले दर्ज थे कार्तिक पर : एसएसपी

सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि सरायकेला पुलिस आदित्यपुर के दो मामलों में गुप्त सूचना पर सोनारी दबिश देने आयी थी। सोनारी पुलिस भी साथ में थी। चौथी मंजिल के फ्लैट के दरवाजे पर पुलिस पहुंची तो कार्तिक बालकनी से कूद गया और ऊंचाई से गिरने से उसकी मौत हो गई। जमशेदपुर में कार्तिक के खिलाफ हत्या समेत 12 मामले दर्ज हैं।

## एक नजर में

### जुस्को के नये ग्रेज्यूएट ट्रेनी इंजीनियरों ने टीडब्ल्यूयू का किया दौरा



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जुस्को के नए शामिल हुए जीटी ने टाटा वर्कर्स यूनियन का दौरा किया। यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने उनका स्वागत किया और यूनियन के बारे में कुछ जानकारियां साझा कीं। इस बीच, एक प्रेजेंटेशन दिखाया गया, और वे वीजी गोपाल हेरिटेज भी गए, जहां उन्हें माइकल जॉन ऑडिटोरियम के प्रबंध निदेशक जयदेव उपाध्याय और धर्मबीर कुमार सिंह से संघ के इतिहास और प्रमुख घटनाओं की जानकारी मिली। वरिष्ठ प्रशासनिक प्रभारी, टीडब्ल्यूयू। उन्होंने टाटा वर्कर्स यूनियन के प्रयासों और प्रयासों को महत्व दिया और यूनियन के 100 शानदार वर्षों के बारे में जानकर आश्चर्यचकित रह गए।

### सोनारी में बस्ती यूथ प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



जमशेदपुर। बिरसा युवा मंच के संस्थापक राजीव रंजन सिंह (सेवानिवृत आईपीएस सह भाजपा नेता) के नेतृत्व में बिरसा युवा मंच के द्वारा जमशेदपुर के पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्ती के युवाओं के लिए पहली बार बस्ती यूथ प्रीमियर लीग के नाम से एक भव्य तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सोनारी एयरपोर्ट के सामने स्थित क्रिस्टियन मैदान में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो सम्मानित अतिथि के रूप भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद,जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजन सिंह, दिनेश कुमार, कांग्रेस नेता अजय सिंह, समाजसेवी मंसूर अली खान, बी आनंद राय, दिनेश शर्मा, राजकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, राजेश सिंह, संजय तिवारी, अमरेंद्र पासवान एवं अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। राजीव रंजन सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए इस आयोजन के संबंध में बताया कि स्वर्णरेखा नदी के किनारे बालू में युवाओं को फुटबॉल खेलते हुए देखने से प्रेरणा मिली की ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट के संबंध में इन्होंने आगे बताया कि कदमा, सोनारी, मानगो, बिस्टुपुर में रहने वाले बस्तियों से कुल 16 टीमें तीन दिवसीय टूर्नामेंट में भाग ले रही है और कुल 15 मैच खेले जाएंगे। सभी भाग लेने वाले 300 युवाओं के बीच फुटबॉल जर्सी बांटी गई है, जीतने वाले टीम को कैश प्राइज दिया जाएगा। कार्यक्रम में बिरसा युवा मंच के सचिव बलविंदर सिंह कलसी, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, रिटायर्ड डीएसपी मदन मोहन सिंह, सहयोगी यशवीर सिंह, विश्वजीत सिंह, अनिल सिंह, राजकुमार सिंह, सुखदेव सिंह, प्रदीप लाल, निर्मल, मूलचंद, आदित्य, दुर्गा ठाकुर, रमेश दास, राजा राम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक और अभिभावक की बैठक में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



पटमदा। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड की दलदली पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय हारमाडीह में शुक्रवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक की बैठक में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विद्यालय में चल रहे पठन - पाठन के बारे में विधायक ने शिक्षक व अभिभावकों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान शिक्षक व अभिभावकों ने विधायक को विद्यालय में कमरा की कमी होने की जानकारी देते हुए अतिरिक्त कमरा निर्माण, चारदिवारी एवं विद्यालय का सौंदर्यीकरण करने हेतु एक मांगपत्र सौंपा। विधायक ने जल्द ही अतिरिक्त कमरा निर्माण, चारदिवारी एवं सौंदर्यीकरण करवाने का आशवासन दिया है। दूसरी ओर बेलाजुड़ी पंचायत के नारगा गांव में ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारी के साथ क्षेत्र में दौरा करते हुए जल्द से जल्द बिजली पोल, जर्जर तार एवं 100 केवीए का एक ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया है। मौके पर झामुमो नेता परेश सिंह, पंसस बैद्यनाथ महतो, रूस धीवर, ग्राम प्रधान इंद्रजीत किस्कु, बिरेन सिंह, ईशान महतो, सागुन मुर्मू व रोहित गोस्वामी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### एमएनपीएस जूनियर हेरिटेज क्लब के छात्रों ने सिक्का संग्रहालय का दौरा किया



जमशेदपुर। मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के हेरिटेज क्लब के छात्र हाल ही में हेरिटेज क्लब मॉडरेटर सुनीता शर्मा के मार्गदर्शन में सिक्का संग्रहालय की शैक्षिक यात्रा पर निकले। इस यात्रा पर प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री प्रेम कुमार द्वारा आयोजित एक सूचनात्मक कार्यशाला पर प्रकाश डाला गया। कुमार की कार्यशाला ने छात्रों को विभिन्न युगों और सभ्यताओं तक फैले सिक्कों के इतिहास और महत्व की गहन समझ प्रदान की। कार्यशाला के अलावा, छात्रों के मुद्राशास्त्र के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कक्षा 3सी की आर्या कुमारी और शांतनु कुमार विषय में अपनी असाधारण समझ और गहरी रुचि का प्रदर्शन करते हुए विजेता बने। यह दौरा हेरिटेज क्लब के छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव था, इससे उनका ज्ञान बढ़ा और इतिहास और मुद्राशास्त्र के प्रति उनका जुनून जगमगा उठा।

## सोना देवी विवि के छात्रों ने डॉक्टरों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय के एसडीयू स्कूल ऑफ फामेर्सी के छात्रों, संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों ने आज सदर अस्पताल, घाटशिला में हमारे उद्धारकर्ता डॉक्टरों के योगदान को मान्यता दी। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र नाथ सोरेन, उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी। (घाटशिला), डॉ कुमुदिनी सरदार (एमओ),डॉ विकास मार्डी (एमओ), डॉ आर एन टुडू (एमओ) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवि के सहायक प्रोफेसर उमेश कुमार डॉ राजन कुमार, सहायक प्रोफेसर श्रद्धा सुमन पांडा, सहायक प्रोफेसर अर्चना सिंह,धीरज शर्मा, सहायक प्रोफेसर मोनिका सिंह के साथ छात्र निलय, विश्वजीत जयदेव, कौशलेन्द्र, विवेक, अपर्णा, राखी, मोनाली, कशिश और रीमा भी उपस्थित

## टीएमएच के ओपीडी भवन के दूसरे तल्ले पर खुला मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का शैक्षणिक ब्लॉक

### एसएसपी किशोर कौशल ने किया नये ब्लॉक का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर एमटीएमसी के क्षेक्षणिक ब्लॉक के भवन का नवनिर्माण टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच) के ओपीडी के दूसरे तल्ले पर किया गया है, जहॉ कॉलेज के मेडिकल के छात्र विश्वस्तरीय चिकित्सीय प्रणाली के गुणों को सिखेगें। नये भवन को मेडिकल के पठन-पाठन हेतु विश्वस्तरीय बनाया गया है, जहॉ कॉलेज के मेडिकल छात्र एक बेहतर वातावरण में चिकित्सीय शिक्षा एवं गुणो में निपुणता प्राप्त कर आमजन मानस के स्वास्थय के क्षेत्र में अपनी सर्वोतम सेवा दे सकेगें। शुक्रवार को इस नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने किया। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मेडिक सुपरिटेंडेंट-एमटीएमसी-सह महाप्रबंधक (टीएमएच), एमटीएमसी के डीन, निदेशक तथा पदाधिकारी उपस्थित थे। किशोर कौशल ने कहा कि मणीपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर का यह नवनिर्मित शैक्षणिक ब्लॉक कॉलेज के शैक्षणिक गुणवता के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा एवं मेडिकल शिक्षा, रिर्सच एवं मरीजो को चिकित्सीय सुविधा देने हेतु एक उत्कृष्ट संस्थान साबित होगा। विशिष्ट अतिथि जुझार मॉझी ने कहा कि कॉलेज के मेडिकल छात्रो को अपने चिकित्सीय गुणो को बढ़ाने में यह नया ब्लॉक काफी मददगार साबित होगा।

## ईंचागढ़ : विधायक सविता महतो ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चांडिल।** ईंचागढ़ प्रखंड सभागार में गुरुवार को विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर चल रहे सभी विकास योजनाओं का भी समीक्षा किया गया। बैठक में ग्रामीणों के समस्याओं को भी रखा गया व समाधान का निर्देश भी विधायक द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया। बैठक में 20 सुत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों ने अंचल में छुटे हुए खतीयान का आनलाइन डाटा एंट्री, खारिज दाखिल, जाती, आय व आवासीय प्रमाणपत्र में विलम्ब करने का मामला उठाया। वहीं विधायक ने सर्पदंश का इंजेक्शन अस्पताल में उपलब्ध रखने का चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया। विधायक ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक का चक्कर में नहीं पड़कर तत्काल अस्पताल भेजने का अपील किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने लाभुक किसानो के बीच पंप सेट व धान, मकई बीज का भी वितरण किया। बैठक में अंचलअधिकारी दीपक प्रसाद, थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे, वनपाल मुकेश महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, किसुन किस्कु, हरेन महतो, पशुपति बागची, अभय यादव समेत समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोहर्रम अखाड़ा कमेटी की 18 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। शुक्रवा को नसीम मैरिज हॉल जुगसलाई में जमशेदपुर के मोहर्रम अखाड़ा कमेटी के लाइसेंस धारी की बैठक हुई जिसमें काफी संख्या में लाइसेंस धारी उपस्थित थे सर्वसम्मति से 18 लोगों की संयोजक मंडली बनाई गई जो मुहर्रम के अखाड़ा का सुचारु रूप से संचालन करेगी। विदित है कि इसका अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान को बनाया गया था चूंकि वह झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष भी हैं इस कारण समय अभाव की वजह से उन्होंने इस पद को स्वीकार नहीं किया। इस वजह से इस संयोजक मंडली का गठन किया गया। संयोजक मंडली में मतलूब अनवर खान, मुन्ना इब्राहिम, आफताब अहमद सिद्दीकी, अब्दुल्ला हसन, हैदर गद्दी, अब्बास बुखारी, बदरू उस्ताद, तबरेज आलम, फरीद गद्दी जबरि हुसैन, मुनव्वर भाई, अब्दुल रऊफ, सरफराज अंसारी, तसव्वर खान, जावेद रिजवी, समद अंसारी, किताबुद्दीन और हसीबुल्लाह भाई बनाए गए।

## परिवार के सभी सदस्यों का मतदान केंद्र एक जगह हो, सुनिश्चित करें बीएलओ : अरविंद आनंद

खबर मन्त्र ब्यूरो






**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग अरविन्द आनन्द की अध्यक्षता में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया । इस दौरान उन्होने मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, डिजिटाइजेशन, पुराने लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग ने समीक्षा के क्रम में जिला में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 को संतोषजनक बताया ।विशेषकर शहरी उदासीनता के लिए शहरी क्षेत्र में हाईराइज बिल्डिंग/ हाउसिंग सोसायटी में नए बूथ के प्रस्तावों का सत्यापन करने एवं सभी बूथों पर मतदाताओं की बराबर संख्या का ध्यान रखने का निर्देश दिया। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन को शत प्रतिशत पूरा करने तथा इस दौरान छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने के साथ-साथ मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन, पुराने लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण का कार्य समानांतर रूप से कराने की बात कही । एक परिवार के सभी सदस्य का नाम एक ही मतदान केन्द्र के मतदाता सची में हो इसे सुनिश्चित कराने, मतदाता सूची से नाम विलोपन में प्रकिया का अनुपालन करने तथा डॉक्यूमेंटेशन, चुनावी प्रक्रिया के तहत किए जाने वाले प्रत्येक कार्य को पारदर्शिता के साथ करने, प्रत्येक गतिविधि में राजनीतिक दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके साथ होने वाली सभी बैठक आदि का प्रोसिडिंग तैयार करने का निर्देश दिया। अनन्य मित्तल ने बताया कि मतदाता पंजीकरण से जुडे लम्बित आवेदनों को मिशन मोड में निष्पादित किया जा रहा है। सभी आरओ एवं एईआरओ को त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करवाने हेतु निदेशित किया गया है।

# लगातार गिर रहे पुल पर दोषियों की नौकरी जाएगी : अशोक चौधरी

- आईआईटी रुड़की की जांच टीम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं
- छह इंजीनियर सस्पेंड हुए हैं
- ज्यादातर पुलिया सांसद के फंड से बने हैं

## ठेकेदार भी होंगे ब्लैकलिस्ट



एजेंसी

**पटना।** बिहार में लगातार पुल गिरने के मामलों पर सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री अशोक चौधरी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले के लिए जांच टीम का गठन किया जा चुका है। आईआईटी रुड़की की जांच टीम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। अब तक इस मामले में छह इंजीनियर सस्पेंड हुए हैं। जो भी दोषी होंगे उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर जाएगा। इतना ही नहीं संवेदक (संवेदक) को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

**सभी पुराने पुलों के हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश**

मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि ज्यादातर पुलिया सांसद के फंड से बने हैं। इनकी भी जांच चल रही है। उन्होंने सभी पुराने पुलों के हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश भी दिया है। दरअसल, शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग में मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभाग के अधिकारी और इंजीनियर शामिल हुए। मंत्री अशोक चौधरी ने भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसे रोकने का निर्देश दिया।

**कहां कब हुआ पुल हादसा**

- 18 जून- अररिया में बकरा नदी पर बना पुल ध्वस्त
- 22 जून- सीवान में गंडक नदी पर बना पुल ध्वस्त
- 23 जून- पूर्वी चंपारण में निमार्णाधीन पुल गिरा
- 27 और 30 जून- किशनगंज में पुल हादसा
- 29 जून - मधुबनी में भूतही बलान नदी पर निमार्णाधीन पुल की साइड बीम गिर गई
- 3 जुलाई- सीवान और सारण में एक दिन में पांच-पांच पुल गिरे
- 4 जुलाई- सारण में फिर से पुल गिरा
- 7 जुलाई- पूर्वी चंपारण बाढ़ के पानी में दो पुलिया बह गई
- 12 जुलाई- सहरसा में पुलिया बाढ़ की पानी के दबाब में बुधवार को ध्वस्त हो गई

## अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने लालू परिवार हुए मुंबई रवाना



एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव परिवार के साथ मुंबई रवाना हो चुके हैं। वह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयनमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी समारोह में शामिल होंगे। लालू के साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटा तेजस्वी यादव और बहू राजश्री यादव भी शामिल हैं। विशेष विमान से लालू प्रसाद अपने परिवार अंबानी-राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने के लिए पटना एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना हुए। तेजस्वी यादव ने कहा कि अनंत अंबानी की शादी का निमंत्रण मिला है। उसमें ही शामिल होने जा रहे हैं।

**लालू-नीतीश को मिला निमंत्रण**

मुकेश और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट आज विवाह बंधन में बंधेंगे। देश-दुनिया से मेहमान इस शाही विवाह समारोह में शिरकत करने वाले हैं। अनंत और राधिका की सगाई बीते वर्ष हुई। इसके बाद इस साल उनके दो प्री-वेडिंग फंक्शन हुए। आज विवाह की शुभ बेला है। अंबानी परिवार ने बिहार से लालू और नीतीश कुमार को शादी समारोह में आने के लिए निमंत्रण दिया था।

**शादी से पहले हुई खास पूजा**

सात फेरे लेने से पहले अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के लिए गुरुवार को एंटीलिया में एक खास पूजा रखी गई थी, जिसमें बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारे भी शामिल हुए। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। जानकारी के मुताबिक, यह दुनिया की सबसे महंगी शादियों में से एक होगी। मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में दोपहर तीन बजे बारात इकट्ठा होगी। सबसे पहले साफा बांधने की रस्म निभाई जाएगी। इसके बाद 'मिलनी' की रस्म होगी। इसके बाद रात आठ बजे वरमाला होगी। लग्न, सात फेरे और सिंदूर दान की रस्म रात साढ़े नौ बजे से शुरू होंगी।

## खबर एक नजर में

### तीन दिव्यांगों के बीच बीडीओ ने किया ट्राईसाइकिल का वितरण



ट्राईसाइकिल के साथ दिव्यांग।

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने सुनीता देवी कोवाड़ी, नवाजुद्दीन अंसारी कुरकुट्टा एवं गौतम यादव खरौंधा निवासी तीन दिव्यांगों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा नि:शुल्क रूप से दिए जाने वाली ट्राईसाइकिल को दिव्यांगों को एक अस्थान से दूसरे स्थान जाने आने में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे कोई भी लाभुक हो जिनके पास प्रखंड द्वारा पहले से ट्राईसाइकिल नहीं मिला हो और दिव्यांग सर्टिफिकेट है वो सभी दस्तावेज को जांच करते हुए और जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी से अनुशंसा करवा ट्राईसाइकिल ले जा सकते हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, कांडी मुखिया विजय राम, भाजपा महामंत्री अनूप राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अंजनी सिंह, शशिरंजन दुबे, बाल विकास प्रवेक्षिका संध्या देवी, मैनुदीन खान के आदि कई लोग मौजूद थे।

### विशेष दर्जा या विशेष पैकेज से बिहार भी विकसित प्रदेश बनेगा : चौधरी

**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने आज कहा कि विशेष दर्जा या विशेष अर्थिक पैकेज मिलने पर बिहार भी विकसित प्रदेशों की श्रेणी में शामिल होगा। श्री चौधरी ने शुक्रवार को यहां जदयू प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार को सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला प्रदेश बनाया है। अगर हमें विशेष राज्य का दर्जा या विशेष अर्थिक पैकेज मिलता है तो निश्चित ही बिहार भी विकसित प्रदेशों की श्रेणी में शामिल होगा।

### रक्सौल में दो साइकिल पर 20 किलो चरस बरामद



**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गोन्हा गांव में छापेमारी कर दो साइकिल पर लदे 20 किलो चरस बरामद किया है। इसकी जानकारी देते रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो साइकिल पर कुछ लोग नशीले पदार्थ लेकर नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले है। सूचना के के आलोक में कारवाई करते हुए साइकिल सवार के द्वारा बैग में छुपा कर ले जा रहे सामान की जांच की गई,तो साइकिल पर लदे 20 किलो दो सौ ग्राम चरस बरामद किया गया।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, पीएसआई प्रभात कुमार चौकीदार बिनोद सिंह व सशस्त्र बल शामिल थे।

### कांग्रेस व इंडिया गठबंधन का राजनीतिक भविष्य काफी बेहतर : डॉ मदन मोहन झा



**सहरसा।** जिले में शिक्षा स्वास्थ्य आपदा पीएचईडी सहित सभी विभागों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहे हैं। वहीं शहर में सड़कों पर जलजमाव होने के कारण स्थिति नारकीय बनी हुई है। स्वयं जिला प्रभारी मंत्री ने भी स्वीकार किया कि जिले के सभी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री से मांग किया कि इसमें व्यापक सुधार की जाए।ताकि आमजन को सहूलियत हो सके।उक्त बातें शुक्रवार को परिसदन में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद प्रतिपक्ष नेता डॉ मदन मोहन झा ने कहीं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का राजनीतिक भविष्य काफी बेहतर है। भाजपा सरकार के द्वारा जहां पूरे देश में कांग्रेस विहीन करने की योजना थी। उसी जनता ने अस्वीकार करते हुए पूरे देश को कांग्रेसमय बना दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अनुभवी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, सोनिया गांधी के मार्गदर्शन तथा राहुल गांधी के मेहनत से इंडिया गठबंधन को काफी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि भले ही उनकी सरकार बन गई हो लेकिन विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी मुखर होकर सभी समस्याओं को उजागर कर रहे हैं।वहीं हर जगह जाकर लोगों की समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौर एवं आईसीसी के सदस्य डॉक्टर तारानंद सादा ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में राहुल गांधी की आवाज पर सरकार एवं उच्च न्यायालय ने माना कि पेपर लीक की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार इसे कैंसिल क्यों नहीं की कर रही है। कहीं मोदी सरकार किसी को बचाने की कोशिश तो नहीं कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में 15 दिनों के अंदर लगभग 15 पुल का गिरना निर्माण की गुणवत्ता को उजागर कर रही है। यह सरकार 30 प्रतिशत कमीशन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अधिकारियों के पैर पकड़ने पर रहे हैं क्योंकि ने मंत्री और विधायक पर विश्वास नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगते हुए अपने आप को अक्षम मानकर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। डॉक्टर सादा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म का राजनीतिकरण और व्यवसायीकरण कर रही है जिसके कारण सनातन धर्म चौपट हो रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की सबसे प्रमुख शंकराचार्य ने भी इसके प्रति आवाज मुखरित किया है।

### कोसी का कहर जारी, गीत गाकर कोसी को मना रही महिलाएं



**भागलपुर।** जिले में कोसी नदी ने रौद्र रूप ले लिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कोसी अपने साथ सब कुछ बहा ले जाएगी। सौं सौं करती तेज धारा और कोसी के विकराल रूप के सामने किसी की नहीं चल रही है। जिले के खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत सिंहकुण्ड गाँव में कोसी ने तांडव मचाया हुआ है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के द्वारा तेजी और मजबूती से कटावरोधी कार्य नहीं करवाया गया। जिस कारण लगातार घर और जमीन कटकर कोसी में समाने लगे हैं। ऐसी स्थिति में अब यहाँ की महिलाएं हर दिन कोसी किनारे बैठकर गीत गाकर उनसे आरजू विनती कर रहे हैं। महिलाएं गीत के माध्यम से कोसी नदी को शांत हो जाने का आग्रह कर रही हैं।

## स्पीड न्यूज

### मुहर्रम त्यौहार को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक

**डंडई।** डंडई थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी की अध्यक्षता में मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। मौके पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है, सभी लोग मिलजुलकर सरकार की गाइड लाइन के अनुसार त्यौहार मनाये। उन्होंने कहा कि त्योहार को लेकर सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वाले व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कहा कि पूर्व से निर्धारित रूटों के अनुसार ही अपना जुलूस निकालेंगे। बैठक में उपस्थित ताजिया कमेटी के लोगों से उन्होंने कहा कि रूट चार्ट थाना में जमा कर देंगे निर्धारित रूट के अनुसार ही आप अपने ताजिया का भ्रमण करेंगे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, उप प्रमुख प्रतिनिधि राम आशीष प्रसाद, लवाही मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, कन्हैया प्रजापति, हनीफ शेख, जसीम अंसारी, जफर इकबाल, बदरुद्दीन अंसारी, अख्तर अंसारी, सलीम अंसारी, वकील अंसारी, दीनानाथ पांडेय सहित जनप्रतिनिधि, हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### बाइक व कमांडर के टक्कर में दो घायल

**मझिआंव।** कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव में मोटरसाइकिल एवं कमांडर की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। उन्हें 108 एम्बुलेंस से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक डॉ कविता कुमारी द्वारा इलाज किया गया। इसके बाद घायल युवक मझिगँवा गांव के टोला भेलवाखाड़ी निवासी बिजय राम के पुत्र सचिन कुमार 17 वर्ष एवं जोखन राम के पुत्र नीतीश कुमार 22 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि दोनों कांडी से घर जा रहे थे इसी दौरान बहेरवा में घटना हो गई।

### पटना व्यवहार न्यायालय के वकीलों ने की हड़ताल

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के वकीलों ने बैठने की अस्थाई जगह पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की मांग पूरी नहीं होने के विरोध में कल दिन भर न्यायिक कार्यों से अपने को अलग रखा। जिला अधिवक्ता संघ, पटना के पुराने भवन को तोड़कर नए भवन के हो रहे निर्माण के कारण विस्थापित हुए वकीलों ने अस्थाई रूप से अपनी झोपड़ियां बनाई है, जिसे विधि आश्रम का नाम दिया है। विधि आश्रम में विद्युत की आपूर्ति की मांग को लेकर वकीलों ने कल पूरे दिन अदालत में काम नहीं किया।

## अलग-अलग घटनाओं में चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अलग-अलग घटित घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सहोदर भाई परीखा पासवान और लकठु पासवान तथा मकरी के धंगरडीहा निवासी शामगिर अंसारी और शेर मोहम्मद अंसारी का नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

पहली घटना गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे की है। केतार के नावाडीह गांव में रात्रि में अनजान व्यक्ति की आहट सुनकर के है जी परीखा पासवान द्वारा पूछे जाने पर गांव के ही गोपाल पासवान और उनके मामा से थोड़ी तीखी नोंकझोंक हुई, जिसपर परीखा पासवान के बड़े भाई लकठु पासवान ने बचाते हुए घर के अंदर ले गए, फिर गोपाल पासवान और उनके परिवार के अन्य सदस्य लाठी डंडे से लैश होकर परीखा पासवान के घर पर धावा बोलकर मारपीट की जिसमें दोनों सहोदर भाई घायल हो गए।

इनके द्वारा घटना की सूचना केतार थाना में देने के बाद शुक्रवार की सुबह में इलाज हेतु भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल पहुंचे, जहां पर दोनों भाइयों का इलाज किया जा रहा है।

जबकि दूसरी घटना भवनाथपुर ब्लॉक के सामने दो बाईको के बीच हुई आपसी टक्कर में उसपर सवार शामगिर और शेरमोहम्मद अंसारी घायल हो गये। दोनों ने बताया वे बाईक पर सवार होकर घर से भवनाथपुर आ रहे थे कि गाड़ी से साइड ले रहे बाईक चालक ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए।

## प्रार्थना के दौरान छात्रा बेहोश



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदुरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा की दूसरे वर्ग की छात्रा शीतल कुमारी विद्यालय में प्रार्थना के दौरान अचानक बेहोश हो गई। बिना देर किए विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा के अभिभाक को सूचना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां पर तैनात अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन दास द्वारा इलाज के पश्चात घर भेज दिया। सिंदुरिया के पूनर्वास टोला निवासी छात्रा शीतल के पिता प्रदीप ने बताया कि सुबह में सब्जी और भात खाकर घर से स्कूल आयी हुई थी। विद्यालय से पुत्री के बेहोश हो जाने की सूचना मिली।

## भूमि विवाद में चचेरे ससुर ने बहू को किया घायल



घायल चंदा देवी।

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव निवासी मुकेश यादव की पत्नी चंदा देवी 24 वर्ष को उसके चचेरे ससुर ने मारकर घायल कर दिया। घायल महिला को उसके पति द्वारा मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। घटना के संबंध में घायल महिला ने बताया कि सबसे पहले उसकी चचेरी सास सजनियाँ देवी (पति रामनाथ यादव) एवं उनकी पुत्री सबिता देवी उसे गाली गलौज करते हुए घर में घुस गई और मारने लगी। इसके बाद राजदेव यादव, चानदेव यादव, सुरेन्द्र यादव एवं जगन यादव आदि चचेरे ससुर भी मेरे घर में घुस गए और मारने लगे। जिसमें मेरा माथा फट गया और काफी अंदरूनी चोटें भी आई है। घायल महिला ने बताया कि घटना के समय उसके पति घर पर नही थे। उसने बताया कि उसके चचेरे ससुर एवं चचेरी सास द्वारा उसके साथ मारपीट करने की यह तीसरी घटना है। कानूनन सजा नही मिलने के कारण उन सभी का मन बढ़ा हुआ है। उसने कहा कि घटना के बाद वह बरडीहा थाना गयी थी, इसके बाद उसे इंज्युरी काटकर इलाज के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल भेजा गया है।

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



जांच करते बीडीओ।

**कांडी।** बीडीओ सह प्रखंड स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष राकेश सहाय ने शुक्रवार को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ओपीडी में एक होमियोपैथ डॉक्टर इलाज के लिए आए मरीजों की जांच कर एलोपैथिक दवा दे रहे थे। आज शुक्रवार को कांडी अस्पताल में आयुष चिकित्सक डॉ. एम अंसारी ड्यूटी पर थे। वे मूल रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खरौंधा में पदस्थापित हैं। बीडीओ सह सीओ ने बताया कि कांडी अस्पताल में पूरे सप्ताह 24 घण्टा ड्यूटी के लिए डॉक्टरों का बजाप्ते रोस्टर बना हुआ है उसके बाद भी यहां पर प्रखंड के लोगों के जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर एक आयुष डॉक्टर अंग्रेजी दवा के साथ कैसे इलाज कर सकता है। यह तो मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि कांडी अस्पताल की वर्तमान हालात को देखकर मैं हतप्रभ हूँ इसको लेकर मैं उपायुक्त को लिखित रूप से रिपोर्ट करूँगा। यहां पर जो हालात हैं इससे शाबित हो रहा है कि ड्यूटी रोस्टर में जो चिकित्सक की ड्यूटी कांडी अस्पताल में है लेकिन वह यहां अपनी ड्यटी न देकर निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं और सरकार से पैसा ले रहे हैं। यह बहुत बड़ी अनियमितता है। बीडीओ ने अस्पताल की वर्तमान हालात को लेकर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार को स्थिति से अवगत कराया। जिस पर सिविल सर्जन ने इसे गलत बताया और कहा कि इसकी जांच होगी।साथ ही प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद सेठ से भी पूछा कि कांडी में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ क्यों हो रहा है। जिस पर प्रभारी ने कहा कि डॉक्टरों की कमी है।

## सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना में रुपये मांगने से नाराज छात्राओं ने बीडीओ का किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ का घेराव करती छात्राएं।

**कांडी।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय तथा उच्च विद्यालय खरौंधा के लगभग चार दर्जन छात्राओं ने शुक्रवार को कांडी प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय का घेराव किया। विद्यालय में पढ़ने वाली सभी छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में फॉर्म भरवाने के नाम पर बेलहथ गांव के आंगन बाड़ी सेविका जयंती कुसुम तथा उसके पति देवेंद्र चंद्रवंशी द्वारा बड़े पैमाने पर एक हजार से बारह सौ की अवैध वसूली की जा रही है। वहीं जो छात्रा पैसे नहीं देती हैं उसे सेविका द्वारा उक्त आवेदन फॉर्म पर हस्ताक्षर और मुहर नहीं किया जाता। बल्कि उक्त फॉम को फेंक दिया जाता है। जिससे परेशान होकर सभी छात्राओं ने पतीला पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पर बीडीओ का घेराव किया। साथ ही छात्राओं ने बीडीओ से सेविका तथा उसके पति पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया। इस सम्बंध में बीडीओ राकेश सहाय ने बताया की यह बहुत शर्म की बात है की विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं के साथ सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में आवेदन फॉर्म भरने के हस्ताक्षर मुहर करने के नाम पर अवैध पैसे की वसूली की जा रही है। मैं उक्त सेविका को बर्खास्त करने के लिए उपयुक्त गढ़वा के नाम लिखित रूप से अनुशंसा कर भेजा जाएगा। साथ ही सेविका और उसके पति को बुला कर बीडीओ द्वारा फटकार लगाई गई। वहीं मुखिया अमित कुमार दुबे ने कहा कि यदि सेविका के खिलाफ बीडीओ द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की जाती तो मजबूरन बाध्य होकर सभी छात्राओं के साथ उपायुक्त गढ़वा से मुलाकात कर न्याय का गुहार लगाऊंगा। बीडीओ के घेराव में सामिल छात्रा ज्योति कुमारी, श्वेता कुमारी, बेबी कुमारी, प्रियंका कुमारी, गीता कुमारी, प्रिया कुमारी, पम्मी कुमारी, ऋतु कुमारी, रानी कुमारी, सुषमा कुमारी, मधु कुमारी, लक्छमी कुमारी, रिंकी कुमारी, शिल्पा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पुनीता कुमारी, खुशी कुमारी, दुर्गा कुमारी, काजल कुमारी, कंचन कुमारी, ऋतु कुमारी, जोती कुमारी समेत कई छात्रा उपस्थित थी।

## डीडीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



समस्या सुनते डीडीसी।

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि कब्जा, पारिवारिक विवाद, भूमि सीमांकन, म्युटेशन, अनुकम्पा आधारित नौकरी, भूमि विवाद, मुआवजा आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सर्वप्रथम बरडीहा प्रखंड की कलिंदा देवी ने अनुकंपा के आधार नौकरी देने के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि उनके पति सुरेश रजवार प्रखंड कार्यालय बरडीहा में अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु उपरांत सरकारी पावनाओं का भुगतान व अनुकम्पा आधारित आश्रितों को नौकरी नहीं मिली है। उन्होंने अनुकम्पा आधारित नौकरी के लिए अनुरोध किया। डीडीसी ने मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए बरडीहा बीडीओ को निर्देशित किया। सदर प्रखंड अवस्थित बस स्टैंड गढ़वा में दुकान आवंटित कराने के लिए ललन ठाकुर ने आवेदन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व से बस स्टैंड में उनका दुकान था, परंतु नए बस स्टैंड के के निर्माण के लिए दुकान को हटाया गया था। पुनः दुकान आवंटन के लिए उन्होंने फॉर्म भी भरा है, परंतु उन्हें दुकान आवंटित नहीं हो सकी। अतः उन्होने एक दुकान आवंटित करने का अनुरोध किया है। डीडीसी ने आवश्यक कार्रवाई के लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया। डंडई प्रखंड के पचौर निवासी धर्मराज पासवान ने ग्राम पंचायत पचौर में स्वयं को चौकीदार के पद पर बहाल करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उक्त पंचायत में कोई भी चौकीदार नहीं है, आवश्यकतानुसार चौकीदार संबंधी सभी कार्य उनके द्वारा ही किया जाता है। उक्त के आलोक में प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस प्रकार बारी-बारी से अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए को निर्देशित किया गया।

